# आकांक्षी जिला है चित्रकूट, प्रगति के लिए जारी हैं प्रयास: जिलाधिकारी

## एचएएल के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर की चर्चा, दिए आवश्यक निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कंपनी की मदद से जिले में विकास कार्यों पर चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि चित्रकूट आकांक्षात्मक जिला है और इसको अन्य जिलों के समान स्तर पर लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

डीएम ने सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा और बीएसए लव प्रकाश यादव को विभागों की कार्ययोजना देने को कहा। बीएसए ने बताया कि कई विद्यालयों के कुछ कमरे जर्जर हैं। इस पर एचएएल के जनरल मैनेजर यश दत्त ने बताया कि कुछ कमरों को स्मार्ट क्लास का रूप भी दिया जाएगा।

उन्होंने बीएसए को चार्टर्ड अकाउंटेंट से इसका फॉर्मेट बनवाने का अनुरोध किया। डीएम ने कहा कि सीएचसी, पीएचसी पर जरूरत के अनुसार, एचएएल द्वारा कार्य कराया जा सकता है। यश दत्ता ने बताया कि कार्ययोजना बनाकर दें तो काम करा दिया जाएगा।

डीएम ने निर्देश दिए कि सीएसआर फंड से जो कार्य हो, उसकी कम से कम तीन वर्ष की गारंटी रहनी चाहिए। बैठक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक विपुला शरन आदि मौजूद रहे।

### सत्र स्थलों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरा

बैठक में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) के सत्र स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर चर्चा हुई। तय किया गया कि इसका मॉनीटरिंग सेंटर कलेक्ट्रेट में रहेगा। इससे यह पता करने में सहूलियत रहेगी कि किस सत्र में कितने केस आए। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि उस स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा, जहां सत्र चल रहा है।

## धोखाधड़ी व पुलिस पर फायर करने का आरोपी दबोचा

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** बरगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी और पुलिस टीम पर फायर करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे घटना में प्रयुक्त तमंचा-कारतूस भी बरामद किया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के अनुसार, 19 मार्च को हिमांशु सिंह निवासी सेमरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कमल सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी गाढ़ा कटरा थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) व बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी पुत्र अवधेश चंद्र द्विवेदी निवासी राजा कोठी शंकरगढ़ ने उसका ट्रैक्टर 11 माह के एग्रीमेंट पर लिया पर किराया नहीं दिया एवं ट्रैक्टर भी नहीं दिया। इस मामले में 22 मार्च को आरोपी कमल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बालम उर्फ देवेशपति द्विवेदी पर पुलिस टीम पर फायर करने और मौके से भागने का आरोप था। बुधवार सुबह एसआई राधेश्याम सिंह ने मुखबिर की सूचना पर हरदी कलां जाने वाले मोड से आरोपी बालम उर्फ देवेशपति को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### पशु क्रूरता अधिनियम में दो वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एसआई दिनेश कुमार पांडेय ने पशु क्रूरता अधिनियम के वारंटी चुनकावन उर्फ शिवप्रसाद पुत्र रामसजीवन व सत्यनारायण उर्फ गुलकू पुत्र प्रीमत आरख निवासी अतरौली को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में पीआरडी जवान हरिकृष्ण शामिल रहे।

### अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**रामनगर (चित्रकूट)।** प्राथमिक विद्यालय मंदिरपुरवा में बुधवार को अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। इसमें एकाडमिक रिसोर्स परसन रामभरोसा यादव ने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय में भेजने का अनुरोध किया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका साधना वर्मा, अनिल कुमार, शिक्षक रामलाल, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी

**चित्रकूट।** विकास पथ सेवा संस्थान ने डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज बरवारा में पर्यावरण पर गोष्ठी की। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि जैव विविधता जितना संतुलित और सुव्यवस्थित होगा उतना ही सुंदर हमारा वातावरण होगा। समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने चित्रकूट में जल संकट पर चिंता व्यक्त की। शिक्षक शैलेंद्र सिंह ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में हम सब की भूमिका होगी, तभी सार्थक परिणाम आएंगे। प्रधानाचार्य अनुपम सिंह ने संस्थान के अभियान की सराहना की।

### खुदकुशी करने जा रही महिला को बचाया

**चित्रकूट।** पुलिस ने आत्महत्या करने जा रही महिला की जान बचाई। बीते दिन किसी ने डायल 112 पर सूचना दी कि झगड़ा होने पर उसकी पत्नी आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक की ओर जा रही है। इस पर पीआरवी की टीम ने समय से मौके पर पहुंचकर महिला को रोका और समझा बुझाकर घर भेजा। टीम में मुख्य आरक्षी अमीरुद्दीन, आरक्षी जमुना प्रसाद गुप्ता और गुलाम मोहम्मद नूरानी शामिल रहे।

### दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन कराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने दुष्कर्म एवं विधि विरुद्ध धर्मपरिवर्तन कराने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। छह मई को इस संबंध में एक पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अब्दुल उर्फ आरू रहमान, इरफान उर्फ छोटू पुत्रगण हबीब निवासीगण चौगलिया तरौंहा ने उसके साथ अलग-अलग स्थान पर दुराचार किया और धमकी दी। रुखसार पत्नी रहमान खान ने धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। मामले की विवेचना कर रहे निरीक्षक अपराध लाखन सिंह ने बीते दिन मुखबिर की सूचना पर आरोपी अब्दुल रहमान उर्फ आरू व इरफान उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया। पीड़िता की उम्र के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी पवन राजपूत शामिल रहे।

### डीएम ने प्रशिक्षण का मुआयना कर दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने चित्रकूट इंटर कॉलेज में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने पैकेजिंग के संबंध में जानकारी ली और पानी, पंखा व छांव की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम उमेश कुमार निगम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, ईओ लालजी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## पानी की कमी हुई तो दुधारू मवेशी कम देने लगेंगे दूध

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- पशु चिकित्साधिकारी ने दी ध्यान रखने की सलाह

**अमृत विचार।** पशु चिकित्साधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने पशुपालकों को इस भीषण गर्मी में अपने मवेशियों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी से दुधारू मवेशियों का दूध कम हो जाता है।


डा. वीरेंद्र सिंह।

डा. सिंह ने बताया कि गर्मी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में मवेशियों के शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी की कमी आती है तब दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं का गर्भपात हो जाता है। प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। बुखार हो जाता है और समय पर पानी न देने पर मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने छतों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की बात भी कही। बताया कि पशु-पक्षी बहुत हांफ रहा हो, लार टपक रही हो या उसके हृदय की गति बढ़ गई हो और वह निढाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकते हैं। इस पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्साधिकारी से संपर्क करें। उन्होंने आगाह किया कि भार ढोने वाले पशुओं को दोपहर में आराम दें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जाएगा।

## एक्सप्रेसवे से खुले तरक्की के द्वार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ने गिनाए विकास कार्य

**अमृत विचार।** अभिनेता-निर्देशक से नेता बने राजा बुंदेला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने मोदी-योगी सरकार ने बुंदेलखंड के विकास का संकल्प लिया है। जिले में भाजपा प्रत्याशी के प्रचार के लिए आए राजा बुंदेला ने डबल इंजन सरकार के कामों को गिनाया। कहा कि सरकार ने यहां बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सौगात दी। झांसी में नोयडा की तर्ज पर 20 हेक्टेयर में बीडा की स्थापना की है। बुंदेलखंड का औद्योगिक विकास ही यहां की समृद्धि का साध्य बनेगा।

बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से सरकार ने चित्रकूट ही नहीं वरन् बुंदेलखंड की तरक्की का द्वार खोल दिया है। उन्होंने दावा किया कि अब


राजा बुंदेला। अमृत विचार

बुंदेलखंड में पानी की कमी नहीं दिखती। कहा कि पहले विकट स्थितियां होती थीं। महोबा में तो गर्मी में पानी की ट्रेन भेजनी पड़ी और चित्रकूट के पाठा में कहावत गूंजती थी कि गगरी न फूटे, खसम मर जाए। सरकार ने पेयजल की समस्या समाधान के लिए हर घर नल जल योजना के जरिए सभी को पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। हवाई अड्डा चालू हो गया है। आशा जाई कि यहां का पर्यटन उद्योग की शक्ल लेगा और विकास को पंख लगेंगे। केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने पर मोदी एक बार फिर बुंदेलखंड की तरक्की के लिए सरकार का खजाना खोलेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा हमेशा से ही छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। भाजपा सरकारों में ही कई छोटे राज्यों की स्थापना भी हुई है। बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का मामला भी दिल्ली में लंबित है। आज मोदी का गुणगान विश्व के सभी देश कर रहे हैं। हम तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं। राजा बुंदेला ने लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन में सहभागिता की। शहर में व्यापरियों से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## अक्षय तृतीया पर न दें बाल विवाह जैसी कुरीति को बढ़ावा : सौरभ

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- बाल संरक्षण अधिकारी बोले ऐसा करने पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** बाल विवाह को रोकने के लिए जिले में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह जानकारी बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने दी। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीतियों को बढ़ावा न दें। ऐसा पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा की अगुवाई में यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर किया गया दान पुण्य, तप, भजन का कभी क्षरण नहीं होता। अक्षय तृतीया को ही मां गंगा का अवतरण हुआ और भगवान परशुराम का अवतरण दिवस भी अक्षय तृतीया है। अक्षय तृतीया को दैवीय तिथि भी माना जाता है। हर वर्ष अक्षय तृतीया पर शादी विवाह का भी प्रचलन है। इसमें बाल विवाह होने की भी आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना उतना ही महापाप है जितना अक्षय तृतीया को किया गया शुभ कर्म। लोगों को जागरूक होना चाहिए कि बाल विवाह जैसी कुरीति को समाज से खत्म करें। सभी मंदिरों में पुजारियों, धर्मशाला, विवाह स्थल, लाज, होटल, रिसार्ट के मालिकों-कर्मचारियों को सावधान रहना होगा। इस तरह के आयोजन में वर-वधू की उम्र की जांच जरूर कर लें। लड़के की उम्र 21 वर्ष हो और लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम न हो अन्यथा बाल विवाह माना जाएगा। आगाह किया कि बाल विवाह करने, सहयोग करने, सम्मिलित होने की दशा में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि बाल विवाह होने की सूचना चाइल्ड लाइन-1098, पुलिस सेवा-112, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश माथुर-9219381673, एएचटीयू प्रभारी दुर्विजय सिंह-9336158032 एवं उनके नंबर 9450230079 पर दी जा सकती है।

## ग्रामीणों ने डीएम से हैंडपंप रिबोर कराने की मांग की

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील अंतर्गत ददरी गांव के बाशिंदों ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर हैंडपंप का रिबोर कराने की मांग की है। इनका कहना है कि हर स्तर पर शिकायत की पर हल नहीं निकला।

गांव के सोमेश त्रिपाठी एडवोकेट ने बताया कि गांव में पुराना हैंडपंप ही जलापूर्ति का साधन है। इसका रिबोर कराना आवश्यक है। इस संबंध में तहसील दिवस में पत्र दिया गया, बीडीओ से बताया गया, एडीओ पंचायत को जानकारी दी गई पर सुनवाई नहीं हुई। सचिव ने मौका मुआयना किया पर आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। अखिलेश त्रिपाठी, दुर्गेश


हैंडपंप खराबी की जानकारी देते ग्रामीण।

त्रिपाठी, रामबाबू साहू, भइयालाल वर्मा, दयानंद आदि ने भी एसडीएम से अनुरोध किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए समस्या का समाधान किया जाए। उधर, इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात करने की कोशिश की गई पर काल रिसीव नहीं की गई। एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक ने बताया कि उन्हें अभी इस संबंध में कोई पत्र नहीं मिला है। प्रार्थनापत्र मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

## सार-संक्षेप


होनहार छात्राओं को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में किया मेधावी छात्राओं का सम्मान

**राजापुर (चित्रकूट)।** राजकीय बालिका इंटर कालेज में बुधवार को वार्षिकोत्सव हुआ। इसमें मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षिकाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। छात्राओं श्रेया द्विवेदी, संगीता, रागिनी तिवारी, आंचल सिंह, शिवानी देवी, मुस्कान सिंह, प्रांशी गुप्ता, आस्था सिंह, सौम्या मिश्रा को प्रधानाचार्या पार्वती देवी ने पुरस्कार दिए। मतदाता जागरूकता अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. गौरी ने छात्राओं को सीख दी कि जिनको पुरस्कार नहीं मिला, वे कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करें तो एक दिन अवश्य पुरस्कार प्राप्त कर सकती हैं। वार्षिकोत्सव के बाद मतदाता जागरूकता अभियान में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को 20 मई को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाने के लिए शपथ ग्रहण कराई। कहा गया कि मतदान एक मौलिक अधिकार है जिसे हर मतदाता को प्रयोग करना चाहिए। मतदान लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। कार्यक्रम में शिक्षिका लक्ष्मी देवी, शशि मिश्रा, डॉ. दीपिका वर्णवाल, सविता यादव, मनीषा यादव, रुचि यादव, ओमप्रकाश, सुनीता, रश्मि सिंह, प्रीती, दीप्ति सिंह, दीक्षा त्रिपाठी, अंजना सिंह तथा छात्राएं मौजूद रहीं।


बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई ने बीईओ को सौंपा मांगपत्र

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई ने अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय की अगुवाई में बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार को सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। शिक्षकों का कहना था कि उनको हर माह निश्चित तिथि तक वेतन मिल जाए, ऐसी व्यवस्था की जाए। अमित ने बताया कि शिक्षकों की मांग है कि प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय में वेतन संबंधी कागजात भेज दिए जाएं। इसके अलावा ज्ञापन में कार्यालय सहायकों की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई गई है। मांग की गई कि सूचनाओं के लिए ये सीधे शिक्षकों को फोन न करके नोडल संकुल शिक्षक से वार्ता करें। शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने और उनको जनसुनवाई पंजिका में दर्ज करने के लिए निर्देशित करने, अवशेष के लिए ऑनलाइन आवेदन को तीन दिन में फॉरवर्ड करने, ऑनलाइन अवकाश आवेदन को समय से मान्य या अमान्य करने आदि संबंधी मांगें भी ज्ञापन में हैं। सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण के टीए-डीए का भुगतान कराने का भी अनुरोध किया गया है। इस मौके पर जिला मंत्री श्रीनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला, ब्लाक मंत्री अमित यादव, रामभूषण पांडेय, अखिलेश द्विवेदी, श्रवण त्रिपाठी, सुखलाल, लक्ष्मीशंकर यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



रैली के दौरान विद्यालय के शिक्षक। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

**मऊ (चित्रकूट)।** योगिराज हंडिया बाबा पब्लिक स्कूल एंड कालेज के बच्चों ने बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसमें विद्यार्थियों ने नारे लगाकर लोगों को मतदान की प्रेरणा दी। रैली में प्रधानाचार्य प्रदीप शुक्ला, दिवाकर मिश्रा, राजेश द्विवेदी, सनत कुमार शुक्ला, दिलीप सिंह, अंजू द्विवेदी, शशि निगम, कामिनी जाटव, सूरज केशरवानी, रितिक द्विवेदी, कीर्ति धमन, त्रिवेणी प्रसाद, कीर्ति मिश्रा, प्रियंका गुप्ता, आयुष मिश्रा, दीपशिखा त्रिपाठी, दीपिका, प्रेरणा सिंह आदि मौजूद रहीं।


श्यामबिहारी मिश्र को याद करते व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने श्यामबिहारी मिश्र को किया याद

**चित्रकूट।** बुधवार को उद्योग व्यापार मंडल ने श्यामबिहारी मिश्र की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। व्यापारियों ने उनके कामों को याद किया। नगर अध्यक्ष धर्मचंद गुप्ता एवं जिला महामंत्री सुशील काका की अगुवाई में हुए आयोजन में दुकानदारों, व्यापारियों को मिष्ठान का वितरण किया गया।

### आज आएंगे जेपी नड्डा

**चित्रकूट।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को चित्रकूट में चुनावी दौरे पर आएंगे। उनका बेड़ी पुलिया में प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

### नकली सीमेंट बनाने वालों का भंडाफोड़!

**चित्रकूट।** एक मशहूर ब्रांड के नाम से नकली सीमेंट बनाने वालों का भंडाफोड़ हुआ है। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने अभी कोई खुलासा नहीं किया है। पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नकली सीमेंट की भनक लगते ही कंपनी के अधिकारियों ने रैपुरा पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने 150 बोरी सीमेंट भी बरामद की है। हालांकि आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके। बताया जाता है कि पुलिस आरोपियों की तलाश में है।

**अमावस्या** | समाजसेवियों ने जगह-जगह शीतल पेयजल और नाश्ते की व्यवस्था की, प्रसाद भी बांटा गया

# लाखों लोगों ने कामदगिरि की परिक्रमा कर मांगी मनौतियां


कामदगिरि प्रमुख द्वार के पास परिक्रमार्थियों की भीड़। अमृत विचार


अधिकारियों ने भी नजर बनाए रखी। अमृत विचार


जगह जगह चलाया गया चेकिंग अभियान। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप भी बैशाखी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा पाई। लाखों श्रद्धालुओं ने बुधवार को मंदाकिनी में स्नान कर महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा की। धूप से तपे पत्थरों में आस्थावान भगवान के जयकारे लगाते चलते रहे।

वैशाख माह की अमावस्या, जिसे सतुवाई अमावस्या भी कहा जाता है, पर बुधवार को तीर्थक्षेत्र में आस्थावानों की भारी भीड़ उमड़ी। एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं चित्रकूट पहुंचने लगे थे। भोर होते ही इनका रेला मंदाकिनी में स्नान करने पहुंच गया। घाटों पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ रही।

खेती किसानी से निवृत्त किसानो की भीड़ पैदल और अपने वाहनों से कामदगिरि की परिक्रमा लगाने पहुंची। जगह-जगह समाजसेवियों ने शीतल पेयजल और नाश्ते की व्यवस्था की थी। कई जगहों पर प्रसाद वितरण भी किया गया। बरहा के हनुमान मंदिर के पास चित्रकूट संस्कृति विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित कामदगिरि महा आरती के प्रमुख विपिन विराट ने श्रद्धालुओं को शीतल पेय जल व प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मी तैनात रहे। अधिकारियों ने भ्रमण किया व ड्यूटी में लगे पुलिस बल की उपस्थिति देखी। डाग स्क्वायड टीम ने भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया। उधर, परिक्रमा मार्ग में चोरों की चांदी रही। जानकारी के मुताबिक, भीड़भाड़ को देखते हुए करीब आधा दर्जन श्रद्धालुओं की जेब जेबकतरों ने खाली कीं।

### श्रद्धालु की बाइक पार

ग्राम लोहरौरा जिला सतना निवासी सुरेंद्र विश्वकर्मा की बाइक चोरों ने पार कर दी। वह चित्रकूट (मप्र) थाना अंतर्गत पटेल धर्मशाला के पास बाइक खड़ी कर परिक्रमा करने चला गया। जब परिक्रमा से वापस आया तो देखा बाइक गायब थी।

## श्रद्धालु को बचाने में पलटी एंबुलेंस

**चित्रकूट।** अमावस्या मेला के दौरान वृद्ध श्रद्धालु को बचाने में एंबुलेंस पलट गई। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि के पास बुधवार को नासिक से शव लेकर चंदौली (फतेहपुर) जा रही एंबुलेंस पलट गई। लोगों ने इसे उठाने में मदद की। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# मतदान कर राष्ट्र निर्माण में बनें भागीदार

कार्यालय संवाददाता, बांदा


मतदान की अपील करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- विद्यार्थी परिषद ने जेएन कॉलेज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जेएन कॉलेज में मेरा वोट मेरी आवाज के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया और सभी नए युवा मतदाता को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

विद्यार्थी परिषद के अशोक सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठन विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण के उद्देश्य को लेकर सतत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के इस महापर्व पर विद्यार्थी परिषद द्वारा समाज के मतदाताओं एवं कॉलेज के जो नए छात्र-छात्राएं मतदाता बने हैं उनको वोट की ताकत का अहसास कराते हुए बताया गया कि उनका मत राष्ट्र के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए वह शत प्रतिशत मतदान करके राष्ट्रवादी सरकार बनाकर देश के उत्थान में सक्रिय भागदारी निभाएं। साथ ही लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करें।

जेएन कॉलेज में चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान विभाग के संगठन मंत्री बृजनंदन राय, जिला प्रमुख अशोक सिंह परिहार, नगर उपाध्यक्ष कुंदन सिंह, जिला संयोजक नीतीश कुमार निगम, स्वतंत्र साहू, श्लोक द्विवेदी, शिवा शुक्ला, सुंदरम सिंह, खुशी सिंह, प्रिया मिश्रा, चंचल विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रत्याशियों को प्रकाशित कराना होगा आपराधिक ब्योरा

**बांदा।** निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रभारी व मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि प्रत्याशियों की आपराधिक गतिविधियों को आम लोगों के सामने लाने के लिए चुनाव आयोग ने नियमों में संशोधन करके किया है। नए नियम तहत चुनावों से पहले अब प्रत्याशियों को एक तय फॉरमेट में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों और दोषसिद्धियों का विज्ञापन प्रकाशित कराना है। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशियों को प्रथम बार नाम वापसी के दिनांक से 4 दिन के भीतर। दूसरी बार 5 से 8 दिन के बीच में और तीसरी बार नौवें दिन से लेकर मतदान के दिनांक से दो दिन पहले तक अलग-अलग तारीखों पर यह विज्ञापन देने होंगे। इसी तरह से टीवी चैनलों पर भी मतदान से 48 घंटे पहले तक देना होगा।

# निशा और संयोगिता बनीं स्वस्थ सुंदरी

कार्यालय संवाददाता, बांदा


कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

- हार्पर क्लब ओल्ड ने किया स्वास्थ्य व स्वस्थ सुंदरी प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की शाखा वूमेन डाक्टर्स विंग और मिशन पिंक हेल्थ के तत्वाधान में हार्पर महिला क्लब ओल्ड की अगुवाई में स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी व स्वस्थ सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब की सदस्याओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी में सरिता अग्रवाल व स्वस्थ सुंदरी प्रतियोगिता में निशा गुप्ता व संयोगिता अव्वल रहीं।

हार्पर महिला क्लब ओल्ड में आयोजित स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी प्रयोगिता एवं स्वस्थ सुंदरी प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्जलवित कर व एसीडी स्टूडियो की अमायरा द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना के साथ किया गया। उमर खय्याम के गीत पर शिवानी द्वारा ओडीसी शैली में शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात शुरू हुई स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सरिता अग्रवाल प्रथम रहीं, जबकि नूतन गुप्ता को दूसरा, गीता सेठ व अनीता गुप्ता को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार पूजा सिंह, रुचि व आशा सिंह को दिया गया। इसी प्रकार से स्वस्थ सुंदरी के कैटवाक में 30 से 40 वर्ष के ग्रुप में निशा गुप्ता प्रथम रहीं, जबकि अर्पिता गुप्ता को दूसरा और मेघा सिंह को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार 40 से 50 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार संयोगिता को प्राप्त हुआ, जबकि नूतन गुप्ता को दूसरा व सीमा नंदा को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। आईएमए अध्यक्ष डा.मोहम्मद रफीक ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसी क्रम में पिंक हेल्थ एवं वूमेन डाक्टर्स विंग की चेयरपर्सन डा.शबाना रफीक ने महिलाओं से संबंधित बीमारियों के विषय में जानकारी दी। सचिव डा.मोनिका सक्सेना, कोषाध्यक्ष डा.कंचन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ डा.एसआर वर्मा ने भी बाल रोग संबंधी जानकारी दी। क्लब की उपाध्यक्ष आशा सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी आमंत्रित अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व संतोष गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एसीडी स्टूडियो की निर्देशिका निशा गुप्ता ने किया। यह कार्यक्रम सिंबायोटिक फार्मा के सौजन्य से संपन्न हुआ, इसमें डिविजनल मैनेजर नेपाल सिंह, शिरीश, अंबिका मिश्रा और रवि चौरसिया का विशेष योगदान रहा।

# पेयजल के लिए सड़क पर उतरे नागरिक

## शंकरनगर मोहल्ले के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर, मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं 500 परिवार

कार्यालय संवाददाता,बांदा


पानी की किल्लत पर प्रदर्शन करते मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव में लोग बना रहे मुद्दा
- कहा, इस बार आश्वासन नहीं विकास चाहिए

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के शंकर नगर में मूलभूत सुविधायें नदारद रहने से लोग आज भी नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। सरकारें आती गईं, विकास का धारा कागजों में बहाती गई लेकिन धरातल पर स्थिति आज भी आदिम युग वाली हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन व विद्युत आपूर्ति के लिए पोल और केबिल का अभाव है। लगभग 500 परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। लोकसभा चुनाव में जन प्रतिनिधियों के लिए यह मुसीबत बन सकती है। मोहल्लावासी इसे चुनावी मुद्दा भी बना रहे। आक्रोशित लोगों ने जलापूर्ति की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया और शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

शहर के वार्ड नंबर-10 शंकर नगर में सुविधाओं का आज भी टोटा नजर आ रहा है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित मोहल्ले में न तो पाइप लाइन है और न ही विद्युत पोल। पोल न होने से बांस और लकड़ी के लट्ठे के सहारे लोगों के घरों तक बिजली का करंट दौड़ रहा है। आज देश सुपर पावर बनने की राह पर है लेकिन जमीनी हकीकत देखी जाए तो यहां के लोग विकास से अभी कोसो दूर है। लोग पिछले कई सालों से पेयजल के लिए पाइप लाइन और विद्युत पोल लगाने की मांग करते रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं नदारद रहने से रहवासियों में खासी नाराजगी व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में बिजली और पानी की समस्या जन प्रतिनिधियों के लिए मुसीबत बन सकती है। मोहल्लेवासी इसे चुनावी मुद्दा भी बना रहे हैं। मोहल्ले के संतोष द्विवेदी, परदेशिया शुक्ला, रामाधार, दीपक, आशीष, मनीष, जितेंद्र, रामखेलावन, सोनू, छोटू, दीपक, मोनू, शुभम, संदीप, शिवकुमार, हरिशंकर, अभिषेक, लोकेन्द्र, देवेन्द्र, लखनलाल, रामस्वरूप, बसंता, कमलकिशोर, मिथलेश, उर्मिला, सुधा, कस्तूरी देवी, कुसुम, रामप्यारी, शुभी, प्रियंका, प्रेरणा, अनूजा, गीता, अभिलाषा, प्रियंका, रामा, श्यामा, गीता, रूबी आदि ने समस्याओं से निजात दिलाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि हर बार चुनाव में राजनीतिक दलों के नेता बढ़चढ़ कर वायदे कर जाते हैं और चुनाव खत्म होते ही मोहल्ले को भी भूल जाते हैं। लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मोहल्ले में विकास कार्यों की मांग की लेकिन उनकी एक न सुनी गई। अब फिर चुनाव सिर पर है, नेताओं का आना-जाना शुरू हो गया है। इस बार आश्वासन नहीं, विकास चाहिए, तभी वोट दिया जाएगा।

### छह हैंडपंपों से हो रही जलापूर्ति

**बांदा:** जल निगम अधिशाषी अभियंता महेंद्र राम ने बताया है कि सदर तहसील क्षेत्र के अछरौड़ गांव में पेयजल व्यवस्था के लिए सीडब्ल्यूआर व नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति चित्रकूटधाम मंडल जल संस्थान द्वारा की जा रही है। बताया कि गांव में छह हैंडपंप संचालित कराकर जलापूर्ति कराई जा रही है। गांव में पेयजल योजना के सुदृढीकरण को योजना के पुर्नगठन का प्रस्ताव जलनिगम ग्रामीण द्वारा स्वीकृत कराकर जलजीवन मिशन के तहत ग्राम पाइप लाइन, गृह जल संयोजन व सिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी माह के अंत तक निर्माण कार्य पूरा कराकर जलापूर्ति ट्रायल टेस्टिंग के बाद शुरू कराई जाएगी।

# ईवीएम का किया गया दूसरा रैंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में हुआ प्रशिक्षण
- प्रत्याशियों को दी रैंडमाइजेशन प्रक्रिया की जानकारी


ईवीएम रैंडमाइजेशन कराते चुनाव प्रेक्षक व डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों का दूसरे चरण का रैंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में हुआ। इस दौरान ईवीएम मशीनों का रैंडमाइजेशन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगने वाले विधान सभावार किया गया।

कलेक्ट्रेट स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक वी.कलाईराशि और जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों का दूसरे चरण का रैंडमाइजेशन हुआ। इस दौरान ईवीएम मशीनों का रैंडमाइजेशन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगने वाले विधान सभावार किया गया। रैंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम राजेश कुमार ने प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को रैंडमाइजेशन प्रकिया की जानकारी और सूचनाएं उपलब्ध कराईं। इस अवसर पर समस्त एआरओ एवं उप निदेशक कृषि तथा सम्बन्धित अधिकारी एवं प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मतदान, मतगणना के दिन बंद रहेंगे शराब ठेके

**बांदा।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण में मतदान होना है, इसको लेकर सारी तैयारियां कर ली गई हैं। पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए शराब की थोक व फुटकर दुकानें मतदान के 48 घंटे पहले से मतदान समाप्त होने तक और मतगणना के दिन बंद रहेंगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट दुर्गा शक्ति नागपाल ने जारी किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि 18 मई की शाम छह से 20 मई को शाम छह बजे और 04 जून (मतगणना दिवस) पर देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, व भांग की थोक व फुटकर दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। यही नहीं, जिले की सीमा से 8 किलोमीटर परिधि में पड़ने वाले उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जनपद व मध्य प्रदेश के पन्ना, सतना, छतरपुर की सभी आबकारी दुकानें 18 से 20 मई को सायं काल 6 बजे तक बंदी रहेगी। बंदी का कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा हुई स्थगित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** चुनाव को देखते हुए सीपीएमएफ, होमगार्ड और सिविल पुलिस को ठहराने के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (झांसी) से संबद्ध महाविद्यालयों को अधिगृहीत किए जाने से 10 से 14 मई तक होने वाली एनईपी संबंधित सेमेस्टर परीक्षाएं परीक्षा नियंत्रक ने स्थगित कर दीं।

कमासिन स्थित पंडित केदारनाथ राजाराम महाविद्यालय प्राचार्य डा.अजीत कुमार ने परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर के पत्र का हवाला देते हुए बताया कि लोस चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुंदेलखंड विवि (झांसी) से संबद्ध 37 संस्थाओं को सुरक्षा कर्मियों को ठहराने के लिए 11 से 21 अप्रैल तक के लिए अधिगृहीत किया गया है। इसके चलते एनईपी से आच्छादित सेमेस्टर परीक्षाएं 10 मई से शुरू हो रही थीं।


महाविद्यालयों को अधिग्रहीत किए जाने पर 10 से 14 मई को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। स्थगित परीक्षाओं की तिथियां जल्द घोषित की जाएंगी। जबकि 24 मई होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। प्राचार्य ने परीक्षार्थी से संबंधित महाविद्यालयों से संपर्क करने के साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना देखने को कहा है।

## महिला मित्र के सामने युवक को पीटा

**बदौसा:** चित्रकूट जनपद के भरतकूप थानांतर्गत तरांव निवासी रजनीश वर्मा पुत्र कल्लू प्रसाद अपनी बहन की ससुराल बसरेही जा रहा था। यहां वह बदौसा थाना क्षेत्र के गांव की महिला मित्र से मिलने गया था। राम जानकी मंदिर के पास तीन युवकों ने गाली देना व पीटना शुरू कर दिया। माहौल खराब होते देख महिला मित्र अपने गांव चली गई तो आरोपितों ने उसे बुरी तरह पीटा और मोबाइल छीन लिया। आरोप लगाया कि महिला मित्र से दस हजार रुपये की मांग भी की। रजनीश ने थाना पहुंच कर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सविता श्रीवास्तव ने बताया कि कस्बे के रहीश, शत्रुघन व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अग्निकांड में कॉस्मेटिक दुकान राख

कार्यालय संवाददाता, बांदा


अग्निकांड के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

- देर रात घटी घटना, पुलिस कारणों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** अज्ञात कारणों के चलते जनरल स्टोर व कास्मेटिक दुकान में आग लग गई। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

मंगलवार की देर रात मुख्यालय के बिजली खेड़ा मोहल्ले में स्थित एक जनरल स्टोर व कास्मेटिक की दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। रात के समय हुई घटना के दौरान दुकान में कोई नहीं था। जिससे किसी प्रकार की जनहानि से बचा जा सका। आग की लपटों को देख दुकान के आस पड़ोस में रहने वालों ने दुकान मालिक को घटना की सूचना दी। वहीं दमकल कर्मियों को भी घटना की जानकारी दी गई। दमकल कमी काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पा सके। दुकान मालिक इंदुप्रकाश वर्मा ने बताया कि रात के समय दुकान बंद कर घर चला गया था। देररात फोन आने पर दुकान आए। तब दुकान तेज लपटों से घिरी हुई थी। आग से सारा सामान जलकर राख हो गया है। लगभग सात लाख के माल का नुकसान हुआ है। पुलिस घटना के कारणों की तलाश में लग गई है।

## तमंचे व 30 लीटर शराब समेत तीन गिरफ्तार

**बांदा।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार करते हुए दो तमंचे व कारतूस बरामद किए। उधर, पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने को पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कमासिन पुलिस के उप निरीक्षक शंकर पांडेय व कांस्टेबिल अनुज यादव ने गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सांडासानी के कल्लू बढ़गैया पुत्र उमादत्त बडगैया को 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह तिंदवारी थानाध्यक्ष राधाकृष्ण तिवारी, उप निरीक्षक शिवाजी मौर्य और हेड कांस्टेबिल वीर सिंह ने गश्त और चेकिंग के दौरान कस्बे के सिंधौली रोड पर कस्बे के श्रीनगर निवासी रावींद्र उर्फ लाला सोनी पुत्र कामता सोनी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद किए। कमासिन थाना उप निरीक्षक विजय मिश्र व कांस्टेबिल ऋषभ कुमार ने कस्बे के दांदौं रोड निवासी शिवबाबू उर्फ लंगड़ा पुत्र मंगल यादव को गिरफ्तार करते हुए 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

**शाबास बिटिया** आईसीएसई 12वीं में 99 .75 फीसदी अंकों के साथ ऑल इंडिया में पाई फर्स्ट रैंक

# बांदा की अर्चिता ने पूरे देश में किया नाम रोशन

कार्यालय संवाददाता,बांदा


मेधावी को सम्मानित करते मुख्य सचिव।


माता-पिता के साथ अर्चिता।

- शहर के स्वराज कॉलोनी निवासी अधिवक्ता की पौत्री हैं अर्चिता

**अमृत विचार।** कभी पिछड़ेपन के नाम से पहचाने जाने वाले बुंदेलखंड के प्रतिभावानों का डंका चारों ओर बज रहा है। क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए बांदा की बेटी अर्चिता सिंह ने प्रदेश की राजधानी में आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में न केवल सफलता हासिल की है, बल्कि 99.75 फीसदी अंक हासिल कर पूरे देश में अव्वल स्थान हासिल किया है।

शहर के स्वराज कालोनी मोहल्ला निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रपाल सिंह की पौत्री अर्चिता सिंह ने राजधानी लखनऊ स्थित सीएमएस में इंटरमीडिएट की परीक्षा दी। परीक्षा का परिणाम आया तो अर्चिता ने अपनी मेधा के झंडे गाड़ दिए। अर्चिता ने 99.75 फीसदी अंक अर्जित किए और पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस कामयाबी से परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों में खुशी की लहर दौड़ गई। अर्चिता के पिता अर्जुन सिंह जहां लखनऊ में ही रिमोट सेंसिंग साइंटिस्ट है, वहीं मां स्मिता सिंह लखनऊ के चिनहट में प्राइमरी अध्यापिका हैं। बेटी की सफलता पर माता-पिता, दादी-बाबा, चाचा-चाची समेत पूरे परिवार खुशी से फूला नहीं समा रहा है। अर्चिता के बाबा जहां वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, वहीं चाचा अरुण सिंह किसान और चाची निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। अर्चिता को अंग्रेजी, कंप्यूटर साइंस और फिजिकल एजुकेशन में शत प्रतिशत अंक मिले हैं और मैथ्स में 99, फिजिक्स में 96 और केमेस्ट्री में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। पढ़ाई के मैनेजमेंट को लेकर अर्चिता बतातीं हैं कि अच्छे अंक लाने के लिए टारगेट बेस्ड पढ़ाई बहुत जरूरी है। उन्होंने अपनी सफलता के लिए माता-पिता और स्कूल के टीचरों को श्रेय दिया। उन्होंने सेल्फ स्टडी और रोज रिवीजन के साथ सोशल मीडिया से दूरी को अपनी कामयाबी का राज बताया।

# दहेज हत्या में पिता-पुत्र को सात साल सश्रम कारावास

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- दोनों दोषियों पर लगाया तीन-तीन हजार का जुर्माना

**अमृत विचार।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित व निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी करते हुए चार साल पहले हुए दहेज हत्या मामलें में पिता-पुत्र को कोर्ट से सात-सात साल सश्रम कारावास और तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा दिलाई।

पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अगुवाई में चार साल में दहेज हत्या मामले में दो आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाई। गौरतलब है कि 18 जून 2020 को थाना कमासिन के रहने वाले विजयपाल कुशवाहा द्वारा गिरवां में अपनी पुत्री की दहेज के लिए ससुरालीजनों द्वारा हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गिरवां थाने में तहरीर के आधार पर 498ए, 304बी और 3ध्4 डीपी एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया था। विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने की। प्रभावी विवेचना करते हुये साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजक विजय बहादुर सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी अनिल रैकवार तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी रहीस कुमार ने जिला सत्र न्यायालय में दो आरोपियों बरसड़ा गांव निवासी रामहित पुत्र महादेव और उसके पुत्र कैलाश पुत्र रामहित को सात-सात वर्ष कारावास व तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित कराया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### महिलाओं को मिलेगा रोजगार, 14 को बुलावा

**महोबा।** डिप्लोमा आईटीआई और स्नातक डिग्रीधारको को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के लिए 14 मई को राजकीय महिला पालीटेक्निक चरखारी में रोजगार के लिए बुलाया गया है, जहां पर सिर्फ लड़कियों को ही कंपनियों में नौकरी दी जाएगी। अधिक जानकारी जुटाने के लिए महिला आवेदक राजकीय महिला पालीटेक्निक चरखारी के प्रधानाचार्य रवि कुमार से संपर्क कर सकते हैं। सूचना विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इच्छुक महिला अभ्यर्थियों को वीवीडीएन टेक्नालाजी प्रा0लि0, योगाहामा के मेगा प्लेसमेंट दिया जाएगा। पूल कैम्पस ड्राइव कंपनी द्वारा भी छात्राओं को कंपनी में रोजगार मिलेगा। इसके लिए सिर्फ छात्राएं आवेदन कर सकती हैं।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**कुलपहाड़।** अपराधों की रोकधाम और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त दीपक रैकवार पुत्र मुन्नालाल रैकवार निवासी नकरा थाना पनवाड़ी को बागौल तिराहे से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा बरामद किया गया है। लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है।

# पाइप लाइन लीक होने से बेलाताल में जल संकट

## सड़क पर बहकर हो रहा बर्बाद, गर्मी में पानी का संकट बढ़ने से पेयजल के लिए लोग कर रहे मारामारी

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

**अमृत विचार।** तेज धूप और गर्मी बढ़ने के साथ साथ कस्बे में पेयजल संकट गहरा गया है। आधे कस्बेवासियों को पानी की विकराल हो रही समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों का ज्यादातर समय दूरदराज क्षेत्र के हैंडपंपों और कुओं से पानी लाने में ही गुजर रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कस्बे में नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज होने के कारण पानी सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। कुछ लोग तो गड्ढों में भरे पानी से काम चला रहे हैं। सिर्फ पीने का पानी कुओं से ला रहे हैं। जिम्मेदारों से शिकायत करने पर भी जगह-जगह लीकेज पाइप लाइन सही नही की जा रही है। उधर गर्मी में पानी की जरूरत सामान्य मौसम से ज्यादा होती है। तब पानी का संकट होना लोगों को हलकान कर रहा है।

कस्बे के भारत रैकवार ,वीरेंद्र राजपूत ,शिवम आदि ने बताया मुख्य मार्ग ब्लॉक गेट के सामने और आर्यावर्त बैंक के निकट करीब एक हफ्ते से पाइप लाइन में जगह जगह लीकेज है जिससे दिन रात पानी भारी मात्रा में निकल कर नालियों में बह रहा है। यहां पानी का अन्य साधन नही है एक एक डिब्बे पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है । कई बार शिकायत के बाबजूद आज तक लीकेज सही नही किए गए, जबसे पेयजल योजना की व्यवस्था नमामि गंगे द्वारा की जा रही है, तबसे पेयजल की विकराल समस्या पैदा हो गई है। लोग पानी के लिए बेहद परेशान हैं। नमामि गंगे योजना के तहत हर घर पानी भेजने के लिए पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन कर दिए गए, लेकिन घरों तक पानी पहुंचाने के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गए हैं। पेयजल के वर्षों पुराने परम्परागत स्रोतों से ही गांवकी लाइनें जोड़ दी गई, जिससे पानी की खपत बढ़ जाने के कारण पानी का संकट भी बढ़ गया है। घरों में कनेक्शन करने के छह माह बाद भी पाइपों में स्टैंड और टोंटिया नहीं लगाई गई, जिससे कुछ मोहालों में पानी बर्बाद हो रहा है, तो वही कस्बे के ड्योडीपुरा, कचेरनपुरा, ब्लॉक परिसर, बाईपास रोड शमशान घाट, हरवंश राठौर इंटर कालेज, जीआईसी इलाकों के बाशिंदे बूंद बूंद पानी को तरस रह हैं। नमामि गंगे के जेई वकील प्रसाद का कहना है पाइप लाइन लीकेज की जानकारी मिली है। जल्द से जल्द उसे दुरुस्त करा दिया जाएगा ताकि लोगों को पानी की दिक्कत न हो।


गड्ढे से पानी भरते लोग।


सड़क पर बहता पानी। अमृत विचार

### जैतपुर में भी टूटी पाइप लाइनों से पानी की बर्बादी

**जैतपुर।** अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते जहां एक तरफ पानी को लेकर हाय तौबा मची हुई है। वहीं विभागीय अधिकारी टूटी पड़ी पाइप लाइनों से बर्बाद हो रहे पानी को बचाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे हैं। अधिकारियों की अनदेखी के चलते पानी को लेकर हायतौबा मची हुई है। अधिकारी पानी की समस्या का निराकरण नहीं कर रहे हैं। जैसे-जैसे गर्मी शबाब पर पहुंच रही है, वैसे-वैसे पानी का संकट भी बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन लाखों लीटर पानी टूटी पड़ी पाइप लाइनों से बर्बाद हो रहा है। इससे लोगों में शासन प्रशासन के प्रति खासा आक्रोश पनप रहा है। जैतपुर ब्लाक के सामने सारा दिन पानी बहता रहने से ब्लाक आने जाने वाले ग्रामीण और आसपास रहने वाल लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# प्राइवेट विद्यालयों की पुस्तकें मिल रहीं महंगी

संवाददाता, जैतपुर महोबा

- बताई गई दुकानों के अलावा कहीं और न मिलने से अभिभावक परेशान

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों के संचालकों द्वारा स्कूली बच्चे से मनमाने तरीके से महंगी कापी किताबों में पैसा वसूला जा रहा हैं। कारण, विद्यालय प्रबंधकों ने अब कुछ अलग अलग पुस्तक विक्रेताओं को चिन्हित कर दिया और चिन्हिमत किए हुए पुस्तक विक्रेताओं की दुकान के लिए पर्चे लिखकर बच्चों को दिए जाते हैं। विद्यालय द्वारा लिखी हुई किताबे दूसरी दुकानों पर नहीं मिलती हैं, जिससे दुकानदार मनमाने पैसे वसूलते हैं।

गौरतलब है कि प्राइवेट विद्यालय द्वारा मनमाने तरीके से वसूली करने के साथ साथ कापी किताबों में भी खूब मनमानी की जा रही है, जिसका खामियाजा अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। अब बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावक स्कूल द्वारा बताई गई पाठ्य पुस्तकें दुकानों से खरीदी जा रही है, यदि किसी अभिभावक ने दूसरी दुकान से किताबे खरीद ली तो वह वापस करना पड़ती हैं। क्योंकि अलग अलग विद्यालयों में अगलग अगल किताबों से बच्चों को पढ़ाई कराई जा रही हैं।

कई बच्चे जुगाड़ कर पुरानी फटी जीर्णशीर्ण किताबें पढ़ने पर मजबूर है यदि देखा जाये तो सरकारी स्कूलों के बच्चों को किताबें उपलब्ध हो रही है, लेकिन प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को नहीं जब यह सरकारी किताबें मार्केट में नहीं है तो यह किताबें खरीदने के लिये बच्चों पर दबाव क्यों डाला जा रहा है। वही दूसरी ओर जो महंगी किताबें प्राइवेट स्कूल चला रहे वह मार्केट में उपलब्ध है। क्योंकि इन पुस्तकों पर बुक सेलरों को अच्छा कमीशन प्राप्त होता है और विद्यालयों में भी इनकी सेटिंग है लेकिन सरकारी किताबें बेचने में यह आनाकानी करते हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राइवेट विद्यालय अपनी निजी पुस्तकें चलाते हैं।

# कब्जा करने के लिए गिराए पक्के कमरे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एसपी को शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने लगाई गुहार

**अमृत विचार।** भूमि स्वामी द्वारा जमीन का सौदाकर दबंग खरीदार द्वारा पूरा पैसा अदा नहीं किया गया और बिना लिखा-पढ़ी के भूमि पर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं जेसीबी मशीन चलाकर भूमि पर बने तीन पक्के कमरों को भी ढहा दिया। भूमि स्वामी के मना करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा गालीगलौज कर पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कब्जा हटवाने के साथ दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शहर के मोहल्ला महटवानापुरा निवासी अमर सिंह चौरसिया पुत्र बैजनाथ चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कीरत सागर सरोवर के समीप उसकी पैतिक भूमि है, जिसकी विक्रय की बात शहर के एक व्यक्ति से हुई थी। बताया कि 1350000 रुपये में जमीन बेंचने की बात तय हुई और बयाना के तौर पर 550000 रुपये उक्त व्यक्ति ने दिए थे और कुछ समय की मोहलत लेकर शेष पैसा देने को कहा गया था, लेकिन समय पूरा होने के बाद शेष पैसों के लिए वह चक्कर लगवा रहा है और आज कल की बात कहकर टहला रहा था।

पीड़ित ने बताया कि दबंग बिना लिखा पढ़ी के उक्त भूमि पर कब्जा जमाने लगा साथ ही जमीन पर बने तीन पक्के कमरों पर जेसबी चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिए। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और मना किया तो दबंग द्वारा उसके साथ गाली गलौज करते हुए पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं दिए हुआ बयाना की धनराशि भी वापस मांगी गई, जिसके चलते पीड़ित ने भय के चलते उसे एक लाख रुपये भी वापस कर दिए। बताया कि दबंग के दहशत के कारण अन्य क्रेता भूमि खरीदने के लिए तैयार नहीं है। पीड़ित ने एसपी से जान माल की सुरक्षाकरते हुए कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।



शिकायती पत्र दिखाता पीड़ित।

# बाल विवाह कराने पर फंसेंगे पंडित-काजी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सजा के साथ एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान

**अमृत विचार।** बाल विवाह करने वाले और इसमें शामिल होने वाले पंडित, मौलवी, काजी व रिश्तेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बाल विवाह पर हर हालत में रोक लगनी चाहिए। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, बाल विवाह किसी भी दशा में न होने पाए, शादी के लिए कानूनी तौर पर लड़के की उम्र 21 और लड़की की उम्र 18 साल होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में दो साल की सजा और एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनो का प्रावधान है।

यह बात जिला प्रोवेशन अधिकारी हर्षवर्द्धन नायक ने कही। उन्होंने बताया कि कम उम्र में बाल विवाह करने से लड़कियों के पूर्ण रूप से परिपक्य न होने से उनसे जन्म लेने वाले बच्चे अक्सर कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए, यदि बाल विवाह की घटना के संबन्ध में सूचना मिलने पर थाना, महिला हेल्प लाइन और पुलिस मौके पर पहुंचकर बाल विवाह को रुकवा देगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है कि आगे उनके साथ क्या होने वाला है या उनका जीवन कैसा हो जाएगा। इस प्रथा का शिकार ज्यादातर लड़कियां होती हैं। कई मामलों में देखा गया कि लड़कियों की उम्र बहुत ही कम होती है और दूल्हे की उम्र बहुत ही ज्यादा होती है।

# बाजार से बैंक की शाखा हटाने का विरोध

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

**अमृत विचार।** नगर के बाजार में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को बस स्टैंड के पास स्थानांतरित किए जाने को लेकर व्यापारियों में खासा आक्रोश है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बैंक को दूसरी जगह स्थानांतरित किए जाने के निर्णय पर असंतोष जताते हुए सहायक महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय को ज्ञापन दिया है।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, युवा अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक संजय अग्रवाल, युवा संरक्षक शोभित सोनी, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, तहसील अध्यक्ष रामराजा, महामंत्री सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी सहित तमाम पदाधिकारियों ने बुधवार को सहायक महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे ज्ञापन में बताया कि हम सभी व्यापारियों के व्यापारिक प्रतिष्ठान बाजार में स्थित हैं। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा भी बाजार में स्थित है। बताया कि हम सभी व्यापारियों के खाते अपनी सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए पास के ही बैंक शाखा भारतीय स्टेट बैंक में खुलवाए गए थे, जिससे अपने को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रतिदिन बैंक जाकर जमा निकासी भी करते रहते हैं। बाजार में बैंक के होने से कभी भी व्यापारियों के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी। सुरक्षित जगह पर बैंक होने की वजह से ज्यादातर नगर के संभ्रांत व्यक्तियों के भी खाते खुले हुए हैं। कहीं और व्यापारी धन जमा करने व निकासी में असुरक्षित महसूस करेंगे।



बाजार स्थित एसबीआई बैंक की शाखा। अमृत विचार

- व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक को भेजा ज्ञापन

# वैशाख अमावस्या पर गोरखगिरि की परिक्रमा



गोरखगिरि की परिक्रमा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शिव मंदिर से शुरू हुई परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया

**अमृत विचार।** वैशाख अमावस्या पर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकार के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई गई। परिक्रमा बुधवार की तड़के सुबह शिवतांडव मंदिर से शुरु हुई, जो परम्परागत मार्ग होते हुये वापस शिवतांडव में पहुंचकर समाप्त हुई। यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। शिव मंदिर में लोगों ने दर्शन के बाद गोरखगिरि के विकास पर चर्चा की गई साथ ही शिव मंदिर के इतिहास से भी लोगों को रुबरू कराया।

परिक्रमा शिवतांडव आरम्भ हुई जो महावीरन, पठवा के हनुमान, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, छोटी चंडिका, काली माता, शनिदेव मंदिर, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव पर खत्म हुई। परिक्रमा दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। परिक्रमा दौरान श्रद्धालुओ द्वारा जगाए जा रहे धार्मिक जयकारों से वहां का माहौल भक्तिमय नजर आया। परिक्रमा शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई और इसके बाद सभी लोगों ने भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष माथा टेका और आपसी भाईचारा बनाए रखने और देश की उन्नति के लिए प्रार्थनाएं की। इस मौके पर बुंदेली समाज के संयोजक ने कहा कि गुरु गोरखनाथ क्षेत्र का अब तेजी से विकास होगा। कहा कि जिला प्रशासन के रुचि लेने के कारण इस क्षेत्र में काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और जल्द ही इस ऐतिहासिक क्षेत्र का विकास कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के महोबा में भगवान शिव की तांडव रुपी विशाल प्रतिमा वाला मंदिर उत्तर भारत में अनोखा है। इसका निर्माण चंदेल शासनकाल में 11वीं सदी के समय कराया गया था। गोरखगिरि की उत्तर पाद भूमि में ग्रेनाइट शिला पर भगवान भोलेनाथ की महाकाल की मुद्रा में तांडव नृत्य करती 10 भुजी गंजातक (गजानन) प्रतिमा के दर्शन को प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शक करने को आते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमती हैं। परिक्रमा दौरान भुजबल, राम नारायण, अवधेश गुप्ता, प्रेम, प्रवीन चौरसिया, गया प्रसाद, सिद्धे, राम किशन आदि रहे।

# नुक्कड़ नाटक व रैली से मतदान करने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मतदान का बताया महत्व

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज रिबई के छात्र छात्राओं ने बुधवार को मतदाता जागरुकता रैली निकालकर मतदाताओं को अपने मतदाधिकार का प्रयोग करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने के प्रेरित किया साथ ही नुक्कड़ नाटक और गोष्ठी के माध्यम से मतदाता दिए गए एक एक वोट से लोकतंत्र को मिलने वाली मजबूती को बताया गया। मतदाता जागरुकता रैली कालेज प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर से निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से निकलते हुए ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करती चल रही थी।

विकासखंड चरखारी के ग्राम रिबरई स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने सुबह सात बजे मतदाता जागरुकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक किया। छात्र छात्राएं हाथों में मतदान के प्रति लिखी तख्तियां, बैनर आदि लेकर चल रही थी साथ ही छोड़े अपने सारे काम चलो पहले करे मतदान आदि नारे लगाते हुए चल रहीं थी। छात्र छात्राओं द्वारा गांव के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं द्वारा दिए जाने वाले एक एक वोट का महत्व समझाया और 20 मई को लोकसभा चुनाव के होने वाले मतदान के दिन बढ़चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

कालेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह ने मतदान की महत्ता को समझे हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। यही एक ऐसा अधिकार जो हर वर्ग, समाज, गरीब, अमीर सबके लिए समान है। इसकी गरीमा को समझे और अपने मताधिकार का उपयोग कर राष्ट्र को सशक्त बनाए। हम अपने अधिकार का उपयोग कर अपने देश को और शक्तिशाली बनाए और सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में अपना योगदान दे। कहा कि मतदान का अधिकार प्रत्येक नागरिक के पास है।



नुक्कड़ नाटक करते विद्यार्थी। अमृत विचार

# बेटी के घर जा रही वृद्धा की गड्ढे में गिरने से मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- तीन दिन तक गड्ढे में पड़ा रहा शव, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने निकाला

**अमृत विचार।** पवा बसौरा मार्ग पर ग्राम मुरैनी के पास एक वृद्ध महिला सड़क किनारे बने पांच फीट गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बेटी के यहां होने की उम्मीद में कोई तलाश नहीं की। बुधवार को वृद्ध महिला का शव सड़ जाने के कारण बदबू आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना श्रीनगर के ग्राम पवा निवासी कोसी (70) पत्नी मनोहर लाल को आंखों से कम दिखाई देता था। वह 6 मई को अपने दामाद बसैरा निवासी कुंवर लाल के यहां पैदल जा रही थीं। जैसे ही वह ग्राम मुरैनी के पास पहुंची कि अचानक असंतुलित होकर वृद्ध महिला सड़क किनारे बने 5 फीट गहरे गड्ढे में गिर गईं। तीन दिन तक महिला का शव गड्ढे में पड़ा रहा। आसपास के ग्रामीणों ने दुर्गंध आने पर श्रीनगर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर श्रीनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से गड्ढे में पड़े वृद्ध महिला के शव को बाहर निकलवाने के बाद उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

**अभियान** शुरुआत हवेली दरवाजा मार्ग से की गई, आवागमन का संकट होगा दूर

# सड़क के बीच लगे बिजली के खंभों को हटाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा


**अमृत विचार।** शहर के मुख्य मार्गों में सड़क के बीचोबीच और बेतरतीब तरीके से लगे बिजली के खंभो से आएदिन होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत विभाग ने अब पहल शुरू कर दी है। शहर के मुख्य मार्गों के बीच में लगे खंभो को विभाग ने हटाने का काम शुरू कर दिया है। खंभे एक लाइन में लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा नही होगी।

गौरतलब है कि आल्हा चौक मार्ग, हवेली दरवाजा मार्ग, तहसील से लोक निर्माण विभाग मार्ग में सड़क के बीचो बीच बिना डिवाइडर के लगे बिजली के खंभों से आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती है, सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं नेहरू इंटर कालेज के सामने सड़क के बीच में लगे खंभे से हुई हैं। बिजली के पोल से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए बिजली विभाग ने अब इन खंभों को हटवाकर सड़क किनारे एक लाइन पर लगान शुरू कर दिया है, इसके लिए बिजली विभाग की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इतना ही नहीं इस अभियान की शुरूआत सबसे पहले नगर पालिका हवेली दरवाजा मार्ग से की गई है।

बिजली विभाग द्वारा खंभे बदले जाने का कार्य शुरू होते ही सड़क किनारे रहने वाले लोगों ने अपने दरवाजे के सामने लगे बिजली के खंभो को हटवाने के लिए आगे आ गए हैं और बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात कर गेट के सामने बिजली के खंभों को हटवाकर आगे पीछे करवा दिया है। इस अभियान से अन्य लोगों को भी काफी लाभ हुआ है। अब इनकी चार पहिया गाड़ियां धड़ल्ले से गेट के अंदर घुस रहीं हैं।


बिजली के खंभे को सड़क किनारे लगाती मशीन।

### दिन में भी जलती स्ट्रीट लाइट


दिन में जलती स्ट्रीट लाइट। अमृत विचार

बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते धड़ल्ले से सूरज निकलने के बाद भी सड़क के खंभों में लगी स्ट्रीट लाइट दिन भर जलती रहती है, जिससे बेवजह स्ट्रीट लाइटें जलने से नागरिकों में विभाग के प्रति खासा आक्रोश दिखाई दे रहा है। स्थिति यह है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्ट्रीट लाइट को बंद करने की सुध नहीं रहती है। एक तरफ जहां भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ जाने से बिजली की कटौती शुरू कर दी गई, वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग के कर्मचारी स्ट्रीट लाइट बंद करने में सुस्ती दिखा रहे है, जिससे अनावश्यक बिजली की बर्बादी हो रही है।

# जूते की दुकान में लगी आग से हड़कंप

**महोबा।** शहर के मुख्य बाजार में बुधवार को अचानक एक जूते की दुकान के ऊपरी हिस्से में आग लग जाने से खलबली मच गई। दुकानदार और आसपास के लोग सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम में दुकानदारों की मदद से आग पर काबू पाया। जिससे बड़ी घटना घटने से बच गई। इस आग से हजारों रुपए का नुकसान हो गया।

शहर की व्यस्ततम सब्जी मंडी चौराहा के समीप चारों तरफ बनी दुकानों में से इरफान की जूते की दुकान के ऊपरी हिस्से में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के दुकानदार दौड़ पड़े। इसी बीच पड़ोसियों ने अपने-अपने सबमर्सिबल पंप चालू करके पाइप ऊपर फेंक दिया। जिससे दुकानदार आग बुझाने में जुट गए। आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी।

# स्वीप टीम ने गांवों में जगाई मतदान बढ़ाने की अलख

## विद्यालयों के बच्चों ने रंगोली, भाषण, मेहंदी व पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए मतदान के उत्तरदायित्व को समझाया



पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करते अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर चंद्रगुप्त इंटर कालेज राठ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि राठ के मतदाता सदैव मतदान में अधिक से अधिक प्रतिभागिता कर लोकतंत्र में सहभागी रहते हैं। वह इस बार भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोगी बनेंगे। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के बच्चों ने रंगोली, भाषण, मेहंदी व पोस्टर प्रतियोगिता में मतदान के महत्व और अपने उत्तरदायित्व को रंगों के माध्यम से उकेरा। जनपदीय स्वीप टीम ने विकास खंड गोहांड में कम मतदान प्रतिशत वाले गांव की महिला सहायता समूह की दीदी, बीएमएम, आंगनबाड़ी एवं सचिव की मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सबसे अधिक प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया। बीडीओ कार्यालय में आंगनबाड़ी व समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता गीत गाए। इस अवसर पर डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, बीएसए आलोक सिंह, डीआईओएस पवन कुमार, बीडीओ राठ व गोहांड, महिला सहायता समूह की रंजना त्रिपाठी, प्रभा, कपूरी, शर्मीला, भारती, जुलेखा खातून ने मतदाता गीत प्रस्तुत किए। संचाचन स्वीप कोऑर्डिनेटर ने किया।

## मतदान के लिए मनरेगा मजदूरों को दिलाई शपथ

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्वीप के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान, संकल्प पत्र शपथ व रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं कई गांवों में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता के साथ मतदान के लिए निमंत्रण पत्र वितरित किए गए।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर बुधवार को मवईजार व विदोखर मेंदनी गांव में मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाई। इसके साथ संकल्प पत्र शपथ, मेहंदी, रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए निमंत्रण पत्र वितरित कर मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अतरैया में बाल विकास की पिंक रैली, कुम्हउपुर में वरिष्ठजनों के बीच संवाद, सौंखर में संकल्प पत्र शपथ के कार्यक्रम कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

बीडीओ ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ोने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जागरूक किया। इस मौके पर एपीओ विकासचन्द्र, सचिव सोनाली सचान, मनीष कौशिक, साधना सिंह, रामबाबू गुप्ता, अमित तिवारी सहित एएनएम, ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार।

### रैली निकाल कर जागरूक किया

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के इन्दपुरी गांव में नुक्कड़ नाटक, रंगोली बनाकर, मेहंदी के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की दीदियों व गांव की महिलाओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। क्षेत्र के इन्दपुरी गांव में बुधवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सहायता समूह की दीदियों व आशा बहू व मनरेगा, आंगनबाड़ी, श्रमिक आदि ने रंगोली बनाकर, मेंहदी लगाकर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया। मतदाता जागरुकता रैली में ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रदीप कुमार, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।



सरीला कस्बे में जागरुकता रैली निकालते स्कूली छात्र। अमृत विचार

### तपती धूप में भी लोगों को वोट जरूर करने का संदेश दिया

**सरीला (हमीरपुर)।** भीषण गर्मी व तपती धूप में भी नगर एवं गांव-गांव में मतदाता जागरूक रैली व रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। नगर के राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बुधवार को रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर 18 वर्ष या इससे अधिक आयुवर्ग के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने 20 मई को मतदान अवश्य करने को कहा। रैली में जागरुकता स्लोगन लिखे बैनर व तख्तियों के साथ छात्र छात्राओं ने नगर का भ्रमण किया। रैली राजकीय इंटर कॉलेज से पुलिस चौकी होते हुए मेन मार्केट के अलावा विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय पहुंच कर संपन्न हुई। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजीत कुमार, अध्यापक सत्यवंत विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। उधर खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने पहरा गांव में मतदाता जागरूक रैली निकालने के बाद मतदान की शपथ दिलाई। करियारी गांव में संकल्प वृक्ष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सहायक विकास अधिकारी राम मनोहर सोनी ने चंडौत गांव में मतदाता जागरूक रैली निकाली। पचखुरा गांव में कर्मचारी व ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर सचिव राधेश्याम, गगन सोनी, विनय यादव, मुकेश राजपूत, दिनेश दीक्षित, कुलदीप कुमार, आजीविका मिशन के संगीता, आशीष शर्मा, रूप सिंह सहित ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# ब्लैकमेल करने पर की थी युवक की हत्या

फॉलोअप

- पकड़े गए आरोपी ने पुलिस के सामने कबूला अपराध

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र के ममना गांव में एक हफ्ते पूर्व हुई युवक युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पकड़े गए हत्यारोपी ने मृतक युवक पर बहन की फोटो इंस्टाग्राम में पोस्ट कर ब्लैकमेल कर बदनाम करने पर चचेरे भाई के साथ हत्याकांड को अंजाम देने की बात पुलिस को बताई है।

ममना गांव निवासी डिल्लीपत पासवान का मंझला बेटा सचिन (20) पिछले 26 अप्रैल को शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता हो गया था। 28 अप्रैल को दिल्लीपत ने बेटे की गुमशुदगी थाना जलालपुर में दर्ज कराई थी। 29 अप्रैल को गांव के बड़े तालाब के पास कल्लू यादव के खेत में लगी झाड़ियां में उसके सचिन का शव बरामद हुआ था। डिल्लीपत ने पड़ोसी सतीश पुत्र कढोरा तथा दो तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगा हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि बुधवार को सरीला ममना तिराहे से मुख्य आरोपी सतीश को गिरफ्तार किया है। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी सतीश ने बताया कि मृतक उसकी बहन को ब्लैकमेल कर रहा था, इंस्टाग्राम में उसकी स्टोरी भी लगा दी थी। मृतक के पास उसकी बहन के फोटो थे जिसे वह सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसी बात से नाराज होकर उसने अपनी चचेरे भाई नितिन पुत्र श्रीपत के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की योजना बनाई थी। फोन कर सचिन को गांव के बाहर बुलाया था और तालाब किनारे ले जाकर गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। शव झाड़ियों में छिपा दिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।


घटना का खुलासा करते सीओ व पीछे खड़ा हत्यारोपी। अमृत विचार

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- बाइक के पीछे बैठा साथी मामूली रूप से घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** महोबा मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास देर रात एक बाइक और ट्रक की सीधी भिडंत हो गई। मौके पर बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा उसके साथी को मामूली चोटें आईं। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी देवेंद्र विश्वकर्मा (40) पुत्र अच्छेलाल अपने साथी भूपेंद्र पुत्र शिवनारायन विश्वकर्मा के साथ महोबा जनपद के महुआ गांव में अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे राठ महोबा मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे एक ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। ट्रक की टक्कर से बाइक चला रहे देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा उसके साथी को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया। घटना को लेकर भूपेंद्र ने बताया कि बीते 23 अप्रैल को देवेंद्र की भतीजी की शादी हुई थी। शादी से पहले देवेंद्र अपने गांव के श्याम सिंह शर्मा के साथ रिश्तेदारी में कार्ड बांटने गया था। आरोप लगाते हुए कहाकि श्याम सिंह ने देवेंद्र के रिश्तेदारों से रूपयों की मांग की थी। जिसकी जानकारी होने पर पर देवेंद्र अपने साथी भूपेंद्र के साथ महुआ जा रहा था। तभी यह हादसा हो गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर छात्र-छात्राओं दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



विदाई कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्नातक विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं ने फाइनल ईयर के छात्र/छात्राओं को विदाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक विज्ञान वर्ग के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं ने फाइनल सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.स्वामी प्रसाद ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्र/छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास में मील का पत्थर साबित होते है। छात्र/छात्राओं को चाहिए कि वे आगामी परीक्षाओं के लिए पूरी तरह से तैयार रहे। जो छात्र/छात्राएं स्नातक फाइनल की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, उनके सामने अब अपने करियर की चुनौतियों का सामना करने के द्वार खुल जाएंगें।

कार्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने फाइनल ईयर विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में महाविद्यालय परिवार के रक्षादीन, डा.अंजली मिश्रा, डा.सरिता, डा.राशिदा, सीमा गुप्ता, नीतू, प्रियंका, डॉ.अजय, डा.स्वयंवर, डा.सूरज, अजीत सिंह, त्रिभुवन देव, अनुज सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, 10 लाख का माल राख

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बीती रात कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में बिजली के शार्ट सर्किट से रेडीमेड के शोरूम में आग लग जाने से करीब 10 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई। फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया।

वार्ड संख्या 8 के निवासी मनीष गुप्ता का मैथिली शरण गुप्त मार्ग में सेठ सांवरिया कलेक्शन के नाम से रेडीमेड का बड़ा शोरूम है। मंगलवार को रात करीब 9 बजे यह शोरूम में ताला डालकर सागर मार्ग किनारे आवास में सोने चले आए। रात में शोरूम के अंदर हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसका पता सुबह 5 बजे चला जब कुछ लोग टहलने के लिए शोरूम के सामने से गुजरे और धुआं उठता देखकर मनीष गुप्ता को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मनीष ने फायर दस्ते को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से करीब 10 लाख का सामान जल जाने का अनुमान है।


जले सामान को देखते दुकानदार।

## गांजा के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**सरीला।** जरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के दंगल चौराहा गोहांड कस्बा के पास से आमिर खान निवासी बसवारी थाना मुस्करा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जरिया प्रिंस दीक्षित ने बताया कि आरोपी को पांच किलो 100 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। इसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट सहित चार मामले दर्ज हैं। उधर चिकासी थाना पुलिस ने क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास बरौली खरका गांव के पास से अनिल सिंह निवासी रूरीपारा थाना ललपुरा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चिकासी भरत कुमार ने बताया कि आरोपी को तीन किलो 150 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट सहित पांच मामले दर्ज हैं।

# विदोखर के तालाब में होती मिली खोदाई

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बीते दिन ग्राम पंचायत विदोखर मेंदनी के पाथामाई तालाब में कराए जा रहे कार्य में फर्जी ढंग से मजदूर लगाने की खबर सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। इस पर बुधवार को जांच के लिए गांव पहुंचे खंड विकास अधिकारी एवं एपीओ मनरेगा को मामला झूठा मिला है।

बीते दिन एक खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई थी। जिसमें आरोप था कि ग्राम प्रधान व एपीओ मनरेगा की मिलीभगत से मनरेगा योजना के कार्यों में धांधली करके फर्जी मजदूर दर्शा रहे है। खबर के वायरल होने के बाद बुधवार को प्रभारी खंड विकास अधिकारी व डिप्टी कलक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार एपीओ मनरेगा विकास चंद्र के साथ मौके पर पहुंचे और सचिव सोनाली सचान ग्राम प्रधान लालाराम यादव से वार्ता करके अभिलेखों का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर कार्य कर रहे मजदूरों से वार्ता की। निरीक्षण के बाद बीडीओ ने सोशल मीडिया में चल रही खबर को बेबुनियाद बताया। कहा कि कार्य स्थल में सब कुछ सही पाया गया है। उन्होंने जल्द कार्य पूर्ण कराए जाने की निर्देश दिए हैं।

ग्राम प्रधान ने बताया कि बुधवार को 100 मजदूर कार्य कर रहे थे। इसकी लागत करीब 35 लाख रुपये है। जिसमें खोदाई के साथ अन्य सुंदरीकरण के कार्य कराए जाने है।


विदोखर गांव में तालाब की खोदाई का निरीक्षण करते बीडीओ व एपीओ मनरेगा।

- वायरल खबर को बीडीओ ने बताया फर्जी

## बैग लूटकर भाग रहे बदमाश को दबोचा

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बे में मंगलवार की रात एक प्रतिष्ठान में बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर से मारपीट कर उसका बैग लूट कर भाग रहे बदमाशों में से एक बदमाश को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

कस्बा निवासी अतुल कुमार गुप्ता क्रय विक्रय समिति में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात है। मंगलवार की रात लगभग 9:00 बजे वह तहसील रोड के एक प्रतिष्ठान पर बैठा था। तभी वहां पहुंचे दो युवकों ने उसके साथ छीना झपटी करते हुए मारपीट शुरू कर दी और उसका बैग छीनकर भाग खड़े हुए। शोरगुल सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने भाग रहे युवकों का पीछा किया और एक आरोपी को बैग सहित दबोच लिया। जबकि बैग को पीड़ित को सौंप पकड़े गए बदमाश को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। अतुल ने बताया कि बैग में एक लैपटॉप कागजात व कुछ रुपया था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी कम्हरिया निवासी सरफुद्दीन के पास पांच किलो गांजा बरामद दिखाकर उसे जेल भेज दिया है एवं लूट की घटना होने से इनकार किया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 169/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 08.05.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुधारानी पत्नी कमल सिंह | श्री शिवकुमार सोनी पुत्र रामनारायण सोनी | दीवानपुरा-2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

# कपसा मार्ग के बाशिंदों की मांग रंग लाई

समाधान — पाइप लाइनों की सफाई में पेड़ों की जड़ें मिलीं, शुरू की गई पेयजल आपूर्ति

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तीन साल से पेयजल आपूर्ति से वंचित कपसा मार्ग के बाशिंदों की सामूहिक मांग रंग लाई। यहां पाइप लाइनों की सफाई करते समय पेड़ों की जड़ें पाइप लाइनों में ठसीं मिली। जिसे साफ कर पानी की आपूर्ति बहाल की गई। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ, जल संस्थान के अवर अभियंता विश्लेंद्र नाथ व सपा युद्ध ब्रिगेड के अध्यक्ष याकूब गाड़ी आदि मौके पर मौजूद रहे।

कस्बे के कपसा मार्ग चुंगी चौकी के निकट एक बड़ी आबादी लम्बे समय से जल संस्थान की अवहेलना के चलते नलों के पानी से वंचित थी। यहां की महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया और वह मंगलवार को जल संस्थान के नगर स्थित कार्यालय में जा पहुंची। इनमें सभासद सुनीता देवी, मोहल्ले की संगीता, बलराम, कुंता, विमला माया देवी व गुड़िया तथा साहिबा आदि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष के कक्ष में पहुंच समस्या बताई। देर शाम 5:00 बजे वह उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गयी और उनसे आप बीती बताते हुए पानी की मांग की। जिस पर उप जिलाधिकारी ने उन्हें पेयजल समस्या समाधान का आश्वासन देते हुए जल संस्थान के अवर अभियंता को यहां की समस्या निदान के निर्देश जारी किए हैं। जिस पर बुधवार को कर्मियों द्वारा पाइप लाइन की सफाई की गई। जिसमें पेड़ों की जड़ें पाइप लाइन में ठसीं मिली। जिसे साफ कर पानी की आपूर्ति बहाल की गई।

वहीं इस वर्ष जल संस्थान को नगर पालिका परिषद ने तीन नए नलकूपों के लिए धनराशि दी है। लेकिन जल संस्थान इस मामले में बेहद लापरवाही बरत रहा है और तीन माह से नलकूपों के निर्माण का कार्य शुरू किए है। नलकूपों के खुदाई भी हो चुकी है। उनमें कुछ में ठीक तो कुछ में बहुत अच्छा पानी नहीं मिला। लेकिन इस सबके बावजूद वह अभी तक इनसे पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। नगर पालिका के अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने जल संस्थान के अवर अभियंता विश्लेंद्र नाथ से कहा कि पालिका ने उन्हें तीन नलकूपों के लिए धन दिया। लेकिन भीषण गर्मी के समय वह नलकूप संचालित नहीं कर सके। इन्हें तत्काल संचालित किए जाएं।


पाइन लाइनों की सफाई करते कर्मी। अमृत विचार

# व्यापारी नेता श्याम बिहारी की मनाई गई 86वीं जयंती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल के पुरोधा व्यापारी पितामह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित श्याम बिहारी मिश्रा की बुधवार को व्यापारियों ने 86वीं जयंती मनाई। शाम को पड़ाव चैराहे पर व्यापारियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

बुधवार पड़ाव स्थित रानीगेट पर व्यापारी पितामह श्याम बिहारी मिश्र की जयंती पर मशीनरी एवं ऑटो पार्ट्स एसोशियेशन द्वारा शरबत वितरण कराया गया।

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने श्याम बिहारी मिश्र को याद करते हुए कहा कि उन्होने सदैव व्यापारियों के हित के लिए लड़ाई लडी। उनके समय में किसी भी व्यापारी का प्रदेश में अहित नहीं हुआ। जिन्हें सदैव याद किया जायेगा। ऑटो मोबाइल संघ के अध्यक्ष कामता प्रसाद बबेले, नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, नगर मंत्री रहमत बेग, मनोज आनंद, अशोक गुप्ता, सुयश भानु शिवहरे, लक्ष्मी त्रिपाठी, उमाशंकर गुप्ता, जुबेर मिर्जा समेत अनेक व्यापारी रहे। इस दौरान राहगीरों को ठंडा शर्बत भी पिलाया गया।


राहगीरों को शर्बत पिलाते व्यापारी।

- नगर उद्योग व्यापार मंडल ने राहगीरों को पिलाया शर्बत
- व्यापारियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 174/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 08.05.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।


| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती दयारानी पत्नी भूपति सिंह | श्री शिवकुमार सोनी पुत्र रामनारायण सोनी | दीवानपुरा-2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

# तीन भाइयों के घरों में चोरी, लाखों का माल पार

## रामनगर रोड पर गोस्वामी इंटर कॉलेज के पास हुई घटना, दीवारों में सेंध लगाकर हुई वारदात, छत पर सोते रहे लोग

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)


घटना की जानकारी देता भुक्तभोगी परिवार। अमृत विचार


इस तरह सेंध लगाकर चोरी की गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक ही परिवार में तीन भाइयों के घरों में चोरों ने लंबा हाथ मार दिया। दीवारों में सेंध लगाकर अंदर घुसे चोर माल समेटते रहे और परिवार के लोग छत पर सोए रहे। जाते जाते चोर घर का दरवाजा बंद कर गए।

चोरी की वारदात मंगलवार रात की है। रामनगर रोड पर गोस्वामी इंटर कालेज के पास रहने वाले फारूक खान, राजा व पप्पू भाई-भाई हैं। इन सभी के अलगबगल घर हैं। इनके घरों में चोरों ने सभी के घरों में पीछे की दीवारों में सेंध लगाकर लाखों का माल पार कर दिया। घटना के समय सभी लोग छत पर सो रहे थे। सुबह घर के कमरे का अंदर से दरवाजा बंद मिला तो परिवार हैरान हो गया। दरवाजा खोलने पर सन्न रह गए। सब अस्तव्यस्त था। फातमा बेगम पत्नी राजा ने बताया कि उसके आठ हजार रुपये व लाखों के ज़ेवर गायब हैं। रंन्नो बेगम पत्नी पप्पू खान ने बताया कि उसने तीन लाख रुपये संदूक में रखे थे। दो लाख क़ीमत के गहने गायब हैं। चोर कपड़े फेंक गए है। उसने बताया कि जेठ फारूक अभी बाहर हैं। चोरी उनके घर में भी हुई है। बता नहीं सकते कि क्या सामान गायब हुआ है। ग्वालिन, जो भुक्तभोगियों की मां है, उसने बताया कि गल्ला बेचकर पांच हजार रुपये लाई थी, वह भी चले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व प्रधान रामेश्वर शुक्ला, अनिल मिश्रा प्रधान छीबों पहुंचे। पुलिस ने भी मौके पर पड़ताल की। परिवार ने बताया कि फारूक के बाद थाने में तहरीर देंगे। बताया कि मौके पर एक लाल रंग का शाल मिला है, जो चोरों का होने की संभावना है। भुक्तभोगियों ने यह भी आशंका जाहिर की कि किसी घर आने जाने वाले की मिलीभगत से यह घटना हुई है।

● जाते-जाते चोर घर का दरवाजा भी बंद कर गए


मौके पर पड़ा मिला शाल। अमृत विचार

# तथ्यों को छिपाकर याचिका दाखिल करने पर लगा जुर्माना

संवाददाता, प्रयागराज

● हाईकोर्ट में याची ने दाखिल की थी जनहित याचिका

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित मुकदमे के तथ्यों को छिपाकर जनहित याचिका दाखिल करने वाले याची को कोर्ट के साथ आंखमिचौली करना तब भारी पड़ गया, जब उसके इस कृत्य के कारण कोर्ट ने उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया। दरअसल याची ने अधिकारियों द्वारा पूर्व में पारित विध्वंस आदेश के अनुपालन की मांग करते हुए जनहित याचिका दाखिल की, जिसमें उसने बताया कि विचाराधीन भूमि पार्क थी, जहां विपक्षियों द्वारा निर्माण किया गया है। याची ने यह भी बताया कि भले ही विध्वंस आदेश पारित किया गया था, लेकिन इसे लंबे समय से लागू नहीं किया गया है, जबकि विपक्षियों ने कोर्ट के समक्ष तथ्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि विचाराधीन भूमि उनके नाम पर दर्ज है और इसके खिलाफ याची ने विभिन्न स्तरों पर आवेदन किया जिन्हें खारिज कर दिया गया, इसके बाद याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जो लंबित है। विपक्षियों ने कोर्ट को यह भी बताया कि याची ने लंबित मुकदमे के तथ्यों को छिपाकर वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने याची से पूछा तो उसने अलग भूमि बताया जबकि अभिलेख से कुछ अलग तथ्य ही सामने आते हैं। कपटपूर्ण उद्देश्य के साथ रामसूरत द्वारा दाखिल याचिका को मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मौजूदा याचिका का उपयोग उस आदेश के कार्यान्वयन की मांग करने के लिए किया जा रहा है, जिसके विरुद्ध अपील लंबित है और सक्षम न्यायालय द्वारा पहले ही आदेश पारित किए जा चुके हैं।

# पोस्टमार्टम न होने से बालिका की मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**मौदहा।** कस्बे के सिचौलीपुरवा में लू लगने से मरी सात वर्षीय बालिका मामले में राजस्व विभाग ने बुधवार को जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी है। रिपोर्ट में पोस्टमार्टम नहीं होने से मौत का कारण स्पष्ट नहीं है कि मौत लू लगने से हुई है।

सिचौलीपुरवा निवासी तौसीफ की पुत्री गौसिया (7) गांव स्थित तालाब से नहाकर शाम को घर आ रही थी। तभी वह अचेत होकर गिर गई। आनन फानन परिजन उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां मौजूद चिकित्सक संदीप पाल ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में परिजनों ने गौसिया की मौत के पीछे लू लगना बताया था। बुधवार को राजस्व विभाग ने गौसिया की मौत की जांच के बाद डीएम को जो रिपोर्ट भेजी है। उसमें उसकी मौत का कारण बीमारी बताया गया है। कहा शव का पोस्टमार्टम नहीं होने से मौत का स्पष्ट नहीं बताया जा सकता।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगा जान दी

**नरैनी:** कोतवाली क्षेत्र के गौरशिवपुर गांव निवासी सुरेश कुमार (35) पुत्र सिपाहीलाल तीन दिन पहले घर से अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी परिजन पता नहीं लगा पाए। बुधवार की सुबह केन नदी के पास जंगल में गहिरा नाले में लगे पीपल के पेड़ पर चरवाहों ने उसका शव लटकता देखा। मृतक के बड़े भाई होरीलाल ने बताया कि मृतक विवाहित था। कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रहता था।

### पांच किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे सहित क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आने वाली गांजा की खेप रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कोतवाली पुलिस ने पांच किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनावों के चलते हो रही जांच और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के सिलसिले में कोतवाली पुलिस ने कस्बे के मुख्य मार्ग तहसील रोड पंजाब नेशनल बैंक के निकट से कम्हरिया निवासी सरफुददीन पुत्र नसीर उददीन के पास से पांच किलो गांजा बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी गांजा की खेप की सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में दो घायल

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना गांव के पास बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायलों को सीएचसी से उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है इटैलियाबाजा निवासी रामपाल (55) अपने साथी सरीला निवासी सतेंद्र उर्फ बबलू (41) बाइक से अपने गांव जा रहे थे। तभी जरिया गांव के पास अज्ञात वाहन टक्कर मार मौके से भाग गया।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के तुरना गांव में दंपति ने गांव के एक युवक को जमकर पीटा। पीड़ित युवक ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर दंपति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तुरना गांव निवासी चंदन पुत्र स्वामीदीन ने बताया कि वह अपने गांव निवासी शिवपाल के साथ बैठा हुआ था। अचानक शिवपाल उसके साथ गाली गलौज करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो शिवपाल अपनी पत्नी कल्पना को घर से बुला लाया जिसके बाद शिवपाल और उसकी पत्नी कल्पना ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# सारनाथ एक्सप्रेस में सांप की सूचना से हड़कंप


कोच की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार


स्टेशन पर खड़ी सारनाथ एक्सप्रेस। अमृत विचार

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

● वन विभाग, आरपीएफ ने कोच की जांच की, कुछ नहीं मिला

**अमृत विचार।** मानिकपुर जंक्शन में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सारनाथ एक्सप्रेस के एक डिब्बे में सांप होने की बात फैल गई। हालांकि मौके पर वन विभाग, आरपीएफ की टीम पहुंची। स्टेशन अधीक्षक ने डिब्बे की जांच कराई पर कुछ नहीं मिला। लगभग पंद्रह मिनट बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

बताया जाता है कि छपरा से दुर्ग जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस मे बी 2 कोच में सीट नंबर आठ पर बैठे यात्री शिवेश मालवीय ने मानिकपुर पहुंचने से पहले यह कहकर सनसनी मचा दी कि उसने डिब्बे में सांप देखा है। इस पर यात्रियों में हड़कंप मच गया।

शिवेश ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। लगभग दो स्टेशन बाद मानिकपुर में ठहराव होने पर शाम लगभग छह बजकर दस मिनट पर ट्रेन पहुंची तो वन विभाग के रेजंर राजेश यादव, दरोगा बनवारी लाल तिवारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ संबंधित कोच पर पहुंचे। लगभग दस मिनट की पड़ताल के बाद भी कुछ नहीं मिला। इस पर ट्रेन में दिख रहे सुराखों पर टेप लगाकर यात्रियों को आश्वस्त करते हुए ट्रेन को रवाना कर दिया गया। इस दौरान लगभग पंद्रह मिनट तक ट्रेन रुकी रही, जबकि इसका स्टापेज पांच मिनट है। स्टेशन मानिकपुर ने बताया कि यात्रियों की सूचना पर कोच को चेक किया गया पर कुछ मिला नहीं। बताया कि सब कुछ ठीक मिला।

# अस्पताल की सुरक्षित भूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के कैथा गांव के निवासी कमलेश कुमार पुत्र धीर सिंह ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर बताया कि उसके गांव केंथा में गाटा संख्या 282 पर खतौनी में अस्पताल के नाम से बतौर कागजात दर्ज भूमि पर गांव का ही दबंग लक्ष्मी चंद पुत्र हरगोविंद के द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र के तहत करीब 70 ट्रैक्टर ट्राली एवं जेसीबी का प्रयोग कर मिट्टी डालकर अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से आवास बनाकर एवं कृषि यंत्र रखकर निजी प्रयोग किया जा रहा है।

ग्रामीण कमलेश कुमार ने बताया कि अस्पताल की सार्वजनिक भूमि से कब्जा हटवाया जाना आवश्यक है। आएगी उसने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मामले में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## सार-संक्षेप


चेकिंग करते प्रभारी यातायात शैलेंद्र सिंह। अमृत विचार

### 10 चालकों के डीएल निरस्तीकरण की संस्तुति

**चित्रकूट।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाकर यात्रा कराने पर 10 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति यातायात पुलिस ने आरटीओ विभाग से की है। इन पर 2,15000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। प्रभारी यातायात शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने मालवाहक वाहनों में यात्रा के दौरान होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया।


शपथ ग्रहण करते छात्र कार्यकारिणी के सदस्य। अमृत विचार

### छात्र कार्यकारिणी के सदस्यों ने ग्रहण की शपथ

**अतर्रा:** कस्बे के शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नवीन छात्र कार्यकारिणी का गठन किया गया और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य फादर टी.अरुल राज ने छात्र-छात्राओं को कर्तव्यों की जानकारी दी और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्र कार्यकारिणी के गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि संत थामस स्कूल कर्वी के प्रधानाचार्य फादर डेनिस मैस्केरेन हस ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने का पाठ पढ़ाया। कहा कि पढ़ाई के दौरान बच्चों को एक दूसरे के प्रति सौहार्दपूर्ण रहना चाहिए और शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान करना चाहिए। छात्र कार्यकारिणी में हेड ब्वाय अवी शिवहरे, हेड गर्ल श्रेयसी द्विवेदी, उप हेड ब्वाय नैतिक त्रिपाठी, उप हेड गर्ल अर्पिता और प्राइमरी हेड ब्वाय, हेड गर्ल समेत चारों हाउसों के कप्तानों को शपथ दिलाई। फादर टी.अरुल राज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य सिस्टर जिजी समेत अभिभावक, अध्यापक और बच्चे शामिल रहे।


तहसील सभागार में सुपरवाइजरों की बैठक लेते एसडीएम। अमृत विचार

### सुपरवाइजरों की बैठक कर एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**मौदहा (हमीरपुर)।** शांत व निष्पक्ष तथा पारदर्शी मतदान के लिए चुनाव आयोग के निर्देशों पर स्थानीय प्रशासन हर स्तर पर काम कर रहा है। यहां तक की इस बार वोटर पर्ची के साथ ही एक मतदाता गाइड बुक परिवार में दी जाएगी और जो मतदाता घरों से बाहर हैं। उनकी गणना कर उन्हें बुलावा पर्ची या अन्य माध्यमों से सूचित करने के लिए तहसील क्षेत्र के दोनों विधानसभा क्षेत्र में तैनात सुपरवाइजर की बैठक उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र की अध्यक्षता में की गई। तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बताया कि सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया है कि वह वेब कास्टिंग वाले मतदान केंद्रों के अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता हेल्प डेस्क तैयार करेंगे। वोटर पर्ची मिलते ही उन्हें वितरित करने का काम करेंगे। मतदाताओं, मतदाता सूचना पर्ची, वोटर गाइड वितरण, वेब कास्टिंग तथा वोटर हेल्प डेस्क के संबंध में 228 विधानसभा हमीरपुर तथा 229 विधानसभा राठ के मौदहा तहसील क्षेत्र के सभी सुपरवाइजर की बैठक तहसील सभागार में की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### चार किसानों ने बेची 88 क्विंटल मसूर

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के मंडी समिति में संचालित सरकारी दलहन समर्थन केंद्र में मसूर बेचने किसान आने लगे हैं। बुधवार को चार किसानों ने इस सरकारी दलहन तिलहन केंद्र में 88 क्विंटल मसूर की तौल कराई। मंडी समिति में संचालित सरकारी दलहन तिलहन समर्थन केंद्र में प्रशासन ने किसानों की दलहन व तिलहन फसल की उपज खरीदने के लिए एक केंद्र संचालित किया है। जो अभी तक किसानों के न आने से सन्नाटे में रहा। वहीं बुधवार को चार किसानों ने 88 क्विंटल मसूर की तौल कराई। केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना 5440, लाही 5650, मसूर 6425 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है। बताया चने का भाव बाजार में महंगा होने से किसान केंद्र में नहीं आ रहे हैं। जबकि बाजार में मसूर के भाव कम होने से बुधवार को किसानों ने 88 क्विंटल मसूर की तौल कराई है।

### ट्रेन से गिरकर यात्री हुआ घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** ट्रेन में यात्रा कर रहे एक वृद्ध का पैर फिसल जाने से प्लेटफार्म में गिरकर घायल हो गया। जिसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार बताया गया है। मंगलवार की देर शाम ट्रेन में यात्रा कर रहे लालाराम (70) पुत्र मैयादीन निवासी घाटमपुर कस्बे से बांदा की ओर जाने वाली ट्रेन में यात्रा कर रहा था। तभी रगौल स्टेशन में ट्रेन रुकने पर किसी काम से नीचे उतर रहा था। तभी पैर फिसल जाने से प्लेटफॉर्म पर नीचे आ गिरा और घायल हो गया। वहां मौजूद रेलवे कर्मी व अन्य यात्रियों की मदद से उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार बताया और छुट्टी होने के बाद अपने घर को वापस चला गया।

# पौथिया गांव के पोलिंग बूथ की विद्युत आपूर्ति ठप

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान से पहले पोलिंग बूथों में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दे चुके हैं। लेकिन बड़ी आबादी वाले सदर विधायक के पैतृक पौथिया गांव संवेदनशील है। पिछले फरवरी माह में तेज आंधी तूफान से बिजली के हजारों पोल टूट गये थे। साथ ही पौथिया पोलिंग बूथ एसवी इंटर कॉलेज का एक बिजली का पोल टूट गया था। वहीं दूसरा पोल चटक गया था जिससे बिजली आपूर्ति ठप है। विभाग की उदासीनता के चलते अभी तक पोल केबिल टूटी है। इधर लोक सभा चुनाव नजदीक है और पोलिंग विद्यालय के अंदर बिजली का पोल टूटा पड़ा है। कॉलेज में चार बूथ बने है। बिजली न होने से पोलिंग पार्टियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उधर एसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीरेंद्र सिंह ने बताया पिछले माह फरवरी में आई तेज आंधी तूफान से बिजली का पोल टूट गया था। जिससे बिजली आपूर्ति ठप है। वैकल्पिक व्यवस्था से काम चल रहा है बिजली पोल टूटने की जानकारी विभाग को दे चुके हैं। उधर जेई आशुतोष सिंह से संपर्क किया तो उनका फोन नहीं लगा।


पौथिया गांव के एसवी इंटर कॉलेज के अंदर टूटा पड़ा बिजली का पोल।

● फरवरी माह में आई आंधी में टूट गया था एक पोल

# हस्ताक्षर बिना शपथपत्र निष्पादित करने पर शपथ आयुक्त को हटाया

संवाददाता, प्रयागराज

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की परंपरा की कड़ी आलोचना

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शपथपत्रों को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना निष्पादित करने की परंपरा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष अनुचित और गलत हलफनामे दाखिल करने से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है और मामलों की कार्यवाही में भी देरी होती है, क्योंकि मामलों को इस आधार पर स्थगित कर दिया जाता है कि हलफनामे का उचित रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने माना कि यद्यपि कोर्ट के समक्ष उचित हलफनामा दाखिल करने की प्राथमिक जिम्मेदारी वादी और उसके अधिवक्ता की है, लेकिन शपथ आयुक्त को हलफनामे को उचित ढंग से निष्पादित करने का कर्तव्य दिया जाता है तो उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह शपथ पत्रों की जांच ठीक से करें। अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना शपथपत्रों के निष्पादन को गंभीरता से लेते हुए न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने कहा कि वर्तमान मामला इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि शपथ आयुक्त शपथपत्र के निष्पादन कार्य को किस प्रकार कर रहे हैं। यह सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह शपथ आयुक्तों के मानक के उच्चतम स्तर को बनाए रखें और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही देखकर शपथ आयुक्त को तत्काल पदमुक्त कर दें। कोर्ट ने आगे कहा कि इस विषय में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी सूचित किया गया था, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया।

वर्तमान मामले को देखते हुए उनके द्वारा उचित हलफनामा दाखिल करना सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान मामले में शपथ आयुक्त कमलेश सिंह द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता था कि शपथकर्ता ने हलफनामे पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी उन्होंने इसका निष्पादन कर दिया। इस प्रक्रिया में अभिसाक्षी को शपथ आयुक्त के समक्ष उपस्थित होने, शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होती है, फिर शपथ पत्र पर शपथ ली जाती है। शपथ आयुक्त की मोहर और हस्ताक्षर लगाए जाते हैं, लेकिन मौजूदा मामले में शपथ आयुक्त ने अधिवक्ता के लिपिक पर विश्वास करके शपथपत्र को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर बिना निष्पादित कर दिया, इसलिए इस कृत्य को कोर्ट के साथ धोखाधड़ी माना जाएगा। अंत में कोर्ट ने शपथ आयुक्त को पद से हटाने के निर्देश के साथ दाखिल पूरक हलफनामे पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।



राहगीरों को गमछा बांटते रेडक्रॉस सोसाइटी के लोग। अमृत विचार

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने मतदान को किया प्रेरित

**बांदा।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायदों में जुटे हैं। इसी कड़ी में रेडक्रॉस सोसाइटी ने राहगीरों को गर्मी से बचाव के लिए गमछे बांटकर 85 फीसदी मतदान को प्रेरित किया।

पीली कोठी स्थित रेडक्रॉस भवन में संस्था से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंगलवार को रेडक्रॉस-डे मनाया गया। रेडक्रॉस सचिव बाबूलाल गुप्ता ने कहा की हर साल इस दिन दुनियाभर में रेडक्रॉस-डे मनाया जाता है। सोसाइटी मानवता के लिए बेहद खास है। रेडक्रास की स्थापना करने वाले हेनरी ड्यूनेंट की फोटो पर माल्यार्पण किया गया। उनके जन्मदिन पर चिलचिलाती धूप में बड़ी संख्या में रिक्शा चालकों को गमछे वितरित किए गए। इसके साथ ही सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एके श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह, समाजसेवी अमित सेठ भेलू, बीएल अग्रवाल, बीना गुप्ता, नवीन निगम, मयंक श्रीवास्तव, विष्णु ओमर रहे।

चुनावी कसरत | प्रेक्षक ने बैठक कर अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# व्यय प्रेक्षक ने किया शैडो रजिस्टर का मिलान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बैठक लेते व्यय प्रेक्षक पुरुषोत्तम। अमृत विचार


**अमृत विचार।** प्रेक्षक (व्यय) पुरुषोत्तम के ने समस्त सहायक प्रेक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने लेखा टीम द्वारा तैयार शैडो रजिस्टर का मिलान प्रत्याशियों के द्वारा तैयार व्यय रजिस्टर से किया।

उन्होंने कहा कि एक सम्मिलित रजिस्टर बने। जिसमें ड्यूटी समय के अनुसार टीम अपनी प्रविष्ठियां अंकित करें एवं उस रजिस्टर को आगामी टीम को हस्तानांतरित किया जाय। ताकि समयानुसार आगे की प्रविष्ठियां अंकित होती रहें। समीक्षा बैठक में कहा कि तत्काल प्रभाव से समस्त एसएसटी टीमें सम्मिलित रजिस्टर (जिसमे वाहन, चालक, गंतव्य आदि का विवरण अंकित किया जा रहा है) की फोटो ड्यूटी समाप्त करते समय ग्रुप में अवश्य डालें। ड्यूटी समाप्ति के समय सम्मिलित रजिस्टर एवं संबंधित रिपोर्ट भेजने में पूर्ण गंभीरता बरतें। व्यय के लिए मिलान एवं समीक्षा बैठक की आगामी तिथि 13 मई निर्धारित की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला, समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक, समस्त लेखा टीमें, प्रेमी प्रजापति लेखाकार, पवन कुमार लेखाकार, सहित समस्त दलों के प्रत्याशी मौजूद रहें।

# सरकार ने आम आदमी के लिए कोई काम नहीं किया

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मोदी सरकार पर किए तीखे प्रहार

संवाददाता, उरई (जालौन)


बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने बुधवार को इंडिया गठबंधन के लोकसभा क्षेत्र जालौन के कांग्रेस, सपा व आप पार्टी, बुन्देलखण्ड क्रांति दल, शिवसेना, जनअधिकार पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी सहित अन्य सहयोगीदलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ उरई में समन्वय बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आम आदमी के लिए कोई काम नहीं किया है, सिर्फ कुछ उद्योगपतियों को बढ़ाया है। बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार को जिताने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने इस बार बने इंडिया गठबंधन के महत्व को भी बताया और जननेता राहुल गांधी द्वारा देश के लोकतंत्र को बचाने व देश की

● **सहयोगी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ उरई में की बैठक**

एकता भाईचारा को पुनर्स्थापित करने के लिए 10,700 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के महत्व को बताया। समन्वय बैठक में राष्ट्रिय महासचिव अविनाश पांडे के साथ राष्ट्रीय सचिव निलांशु चतुर्वेदी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी, राहुल रिछारिया, राहुल रॉय, उपस्थित रहें। पांडे ने आज जालौन में समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ आम लोकसभा चुनाव नहीं है सिर्फ प्रत्याशी के जीतने से ज्यादा देश के संविधान को बचाने का चुनाव है। जनता के अधिकारों को बचाने का चुनाव है। वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा देश का 63 प्रतिशत वोट बीजेपी के खिलाफ है। भाजपा का सूपड़ा साफ होने जा रहा है, जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। समन्वय बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, राष्ट्रीय सचिव निलांशु चतुर्वेदी, पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी और प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रॉय, प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष व सपा जिला अध्यक्ष, नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा

राष्ट्रीय महासचिव ने कांग्रेस सपा, आप के नेताओं कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार में किसानों के खिलाफ तीन काले क्रूर कृषि कानून लाये गये थे, उन काले कानूनों के विरोध में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विरोध किया गया। जिस पर भाजपा सरकार को उन काले कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा। कहा कि मोदी सरकार 10 साल की एक उपलब्धि नहीं बता पा रही। कहा कि भाजपा को जनता के मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है, किसान परेशान है लेकिन सरकार सिर्फ एक-दो उद्योगपति मित्रों के लिए काम करती रही, नौजवान नौकरी के लिए भटकता रहा लेकिन बीजेपी ने कोई सुध नहीं ली। केंद्र सरकार में नौकरी खाली पड़ी रहीं, भर्ती नहीं की। 2024 में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। पांडे ने कहा कि बीजेपी 400 सीटों का नारा संविधान बदलकर कर दलितों पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की तैयारी कर रही है। हमारा न्याय पत्र में वादा है कि 2024 में कांग्रेस इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा, अग्निवीर योजना को तुरंत रद्द किया जायेगा और पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू की जाएगी। देश की आधी आबादी महिलाओं के प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपए मिलेंगे।


भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

# मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी

संवाददाता, कालपी


कथा वाचक राम और श्याम महाराज।

**अमृत विचार।** श्रीभीमसेनी हनुमान मंदिर तरीबुल्दा कालपी में चल रही भागवत कथा के विश्राम दिवस में श्रद्धालुओं को जन सैलाब उमड़ा। कथा में राम और श्याम महाराज ने कहा कि यदि जीवन में मित्र हो तो प्रभु श्री कृष्ण जैसा जिन्होंने सुदामा का दुख के समय भी साथ नहीं छोड़ा और आज जो मित्रता है वह केवल स्वार्थ की है। जब तक लोगों का हमसे स्वार्थ है तब तक की मित्रता है। सुख में सब साथ देते हैं लेकिन दुख में सब छोड़ जाते हैं। कलयुग में ऐसे ही मित्र ज्यादा हैं तो यह मित्र नहीं कुमित्र है। कथा सुनाते हुए राम और श्याम महाराज ने कहा कि प्रभु ने धर्म की रक्षा के लिए एवं अधर्म के विनाश के लिए अवतार लिया और धर्म की स्थापना करके अंत में इसी भागवत महापुराण में शब्दमय विग्रह के रूप में स्थापित हो गए। आज भी जिस तरीके से पृथ्वी पर पाप बढ़ रहा है चारों तरफ अनाचार, पापाचार, भ्रष्टाचार, दुराचार फैला हुआ है तो निश्चय ही प्रभु अवतार लेकर इस भूमि के भार को उतारेंगे। महाराज ने बताया भागवत महापुराण की कथा सुनने से हमारा अन्तःकरण शुद्ध होता है जिससे हम सतमार्ग पर बढ़ते हैं। गलत कार्यों से बचते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए एक न एक दिन अपने लक्ष्य को पा जाते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे यही निवेदन है कि आप अपने जीवन की दिशा ओर दशा को बदलें, जैसे पहले जीवन व्यर्थ में ही व्यतीत हो रहा था अब ऐसा नहीं होना चाहिए कथा के प्रभाव से जीवन बदलना चाहिए। जीवन में कुछ लक्ष्य होने चाहिए।

# सर्वाधिक मतदान कर रिकार्ड बनाएं: विमल कुमार

कार्यालय संवाददाता उरई



जल सहेलियों को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जल सहेलियां एवं जिले के मतदाता इस बार जालौन जिले के मतदान को ललितपुर के मतदान प्रतिशत के बराबर 70-75 प्रतिशत तक ले जाएं। यह बात झांसी मण्डल के आयुक्त विमल कुमार दुबे ने गोपालपुरा में आयोजित मतदाता जागरूक कार्यक्रम के दौरान कही।

वह बुधवार दोपहर गोपालपुरा में परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत आयोजित ग्राम गोपालपुरा में मतदाता कार्यक्रम चैपाल में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। दुबे ने कहा इतनी कड़ी धूप में इस क्षेत्र के इतनी बड़ी संख्या में 20 से अधिक गांव से सैकड़ों की संख्या में जल सहेलियां एवं अन्य महिला मतदाताओं को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे पता चला है कि बुन्देलखण्ड में प्रत्येक चुनाव में ललितपुर जिले के मतदाता 70 प्रतिशत से अधिक आ रहे हैं। जल सहेलियों की कार्यक्षमता को देखकर मैं इन से और जिले के अन्य मतदाताओं से यह अपील करता हूं कि इस बार गांव-गांव और घर-घर में जाकर 20 मई को इतना अधिक मतदान करवाएं कि मतदान के मामले जालौन जिला प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें।

इस अवसर पर डीआईजी. कलानिधि नैथानी ने कहा कि अभी मतदाताओं को जागरूक करने वाला एक बुंदेली नाटक देखा जिसके अधार पर, मैं आपको एक ही अपील करूंगा कि 'लोकतंत्र को पर्व आ गओ है, खूबई वोट डारियो, घर में, आस-पास पड़ोस में, कोई रहन ना पावे" जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा- ''स्वीप के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई तरह के जागरुकता कार्यक्रम जिले में करवाये जा रहे हैं। पुलिस अधिक्षक डॉ. ईरज रजा ग्राम गोपालपुरा को लेकर भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि मेरा इस गांव से गहरा नाता है इसलिए मैं इस गांव के लोगों से अपील करता हूं कि वह बढ़-चढ़ कर मतदान करें। इस दौरान सीडीओ शिवकान्त द्विवेदी, एसडीएम माधौगढ़, जिला पंचयात राज अधिकारी, ग्राम प्रधान साधना तिवारी, अनिल सिंह निदेशक परमार्थ संस्थान, वरूण प्रताप सिंह, जल सहेली किरण, माया, पूजा, देवेन्द्र गांधी जल जीवन मिशन, शिवमंगल सिंह, संतोष कुमार, रामदास एवं अंचल कुमार अधिशासी अभियन्ता जल निगम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परमार्थ संस्था के सचिव डॉ. संजय सिंह ने किया।

# ईवीएम का बूथवार किया गया द्वितीय रैंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता उरई

● **राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद**

**अमृत विचार।** सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गावंडे केशोराव व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी के माध्यम से ईवीएम मशीनों सभी विधानसभा क्षेत्र के बूथ वार द्वितीय रैंडमाइजेशन किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज विधानसभा के बूथ वार ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया, सभी विधानसभा वार उपलब्ध ईवीएम को बूथवार टैग कर दिया गया। ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम का विधानसभा वार आवंटन हुआ था। द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही ईवीएम को बूथ वार आवंटन किया गया, इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों को एक एक हस्ताक्षरित कॉपी रिसीव करते हुए, जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन कृत संकलिप्त है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी माधौगढ़, कालपी, उरई, गरौठा, भोगनीपुर आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप


कालपी में प्रचार करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाजपा ने कालपी में किया प्रचार, मांगे वोट

**कालपी।** कालपी में भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक भाजपा के प्रचार अभियान में कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ जुटे दिखाई दे रहे हैं। कालपी में भारत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता चुनाव प्रचार अभियान में सुबह से ही भानू दिल्ली जायेगा, कोई रोक न पायेगा, अबकी बार चार सौ पार के नारे भी लगाते दिखाई दे रहे हैं। प्रचार अभियान में प्रमुख रूप से अंकित ठाकुर, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, कोमल ठाकुर, अरूण महेवा, अवधेश तिवारी, अतुल कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, बब्बन सिंह, सुबोध द्विवेदी, सौरभ गुप्ता, राजेंद्र कुमार, अमित पांडेय पूर्व नगर अध्यक्ष, दीपांशु राष्ट्रवादी विस्तारक, राघवेन्द्र सिंह जादौन, हर्षित खन्ना, महर्षि सैनी, अमरसिंह अहिरवार, दिग्विजय सिंह, अनुज सैनी, मनोज गुप्ता राजेंद्र साहू, राजेश द्विवेदी, अतुल महेवा, राजन सिंह, ऋषभ द्विवेदी, अश्वनी तिवारी, संजय सोनकर, सुनील पटवा, कल्लू सोनी, जगत यादव, मुन्ना चौधरी, ब्रम्हा यादव, नकुल वर्मा, रविन्द्र वर्मा संतोष अहिरवार, महिला मोर्चा से रजनी पाल, ज्योति विश्वकर्मा, उषा शुक्ला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में शामिल रहे।

### एसडीएम ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**कालपी (जालौन)।** आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये प्रशासन के द्वारा इंतजाम किये जा रहे हैं। बुधवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने महेवा विकास खंड के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्था बेहतर रहनी चाहिए। दोपहर को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने प्राथमिक विद्यालय नूरपुर, कन्या उच्चतर विद्यालय नसीरपुर, प्राथमिक विद्यालय सधारा, प्राथमिक विद्यालय हैदलपुर आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि पोलिंग बूथों में मतदान के पहले बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैंम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये, इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पोलिंग बूथों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 22 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** न्यायालय की स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग बच्चियों के साथ हुई दो दुष्कर्म की घटनाओं के मुकदमों में दोषियों को कड़ी सजा के साथ जुर्माना लगाया है।

बुधवार को पॉक्सो कोर्ट ने कालपी कोतवाली के बरखेड़ा गांव में वर्ष 2020 में नाबालिग के साथ घटित हुई दुष्कर्म की घटना के मुकदमे का फैसला सुनाते हुए अभियुक्त अक्षय पुत्र रामबाबू निवासी बरखेड़ा को दोषी पाया और 22 साल का सश्रम कारावास और 91 हजार के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। सजा की खबर सुनकर अपराधी की मां बेहोश हो गई और परिवार में कोहराम मच गया।

**20 साल की सजा, 75 हजार का जुर्माना लगाया:** इसी तरह पॉक्सो एक्ट के एक दूसरे मुकदमे में अदालत ने दोषी को 20 साल की सजा और 72 हजार रुपये का जुर्माना किया है। कुठौंद थाना में तीन साल पहले दर्ज नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी मानते हुए स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट ने 20 साल का सश्रम कारावास और 72 हजार रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। मालूम रहे कि फरवरी 2021 को कुठौंद थाना क्षेत्र के पतराही गांव निवासी पीयूष उर्फ भानुप्रताप पुत्र देवसिंह के नाम एक नाबालिग लड़की के पिता ने घर में घुसकर बेटी के साथ मारपीट कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

# कार से बरामद हुए 1.96 लाख रुपये जब्त किए

**उरई।** चुरखी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक हुंडई कार से 1 लाख 96 हजार 500 रुपये बरामद कर जब्त कर लिए। क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू है, जालौन लोक सभा में पांचवें चरण के लिए 20 मई को मतदान होना है। इसी के तहत चल रहे जांच अभियान के तहत चुरखी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान हुंडई कार में सवार प्रिंस उर्फ दिग्विजय सिंह पुत्र दीपेंद्र सिंह, निवासी ग्राम भाल, थाना राजपुर जिला कानपुर देहात के पास से 1 लाख 96 हजार 500 की धनराशि कब्जे में ली। कार सवार शैलेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह बरामद धनराशि से संबंधित कोई संतोष जनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। इस लिए पुलिस ने धनराशि जब्त कर ली है।

# मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता कालपी (जालौन)



रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करते चिकित्सा कर्मचारी।

**अमृत विचार।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में रैली निकाल कर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया गया।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सक डॉ. विशाल सचान, डॉ शेख शहरयार, डॉ. रुबी सिंह, डॉ. गोपाल जी द्विवेदी समेत चिकित्सकीय कर्मचारी एकत्रित हो गये। चिकित्सालय परिसर से चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली शुरू हुई। महमूदपुरा, इंदिरा नगर, मेन रोड आदि स्थानों से रैली ने भ्रमण किया। हाथों में पट्टियां, बैनर, होर्डिंग, पम्पलेट लेकर कर्मचारी मतदाताओं को मतदान करने के लिए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान में हिस्सा लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी लोग योग्य एवं लगनशील प्रत्याशी का चयन मतदान के माध्यम से करें। उन्होंने बताया कि देश के संविधान ने हम सबको मतदान करने का अधिकार दिया है। चिकित्सक डॉ. विशाल सचान ने आव्हान किया कि मतदान वाले दिन अपने-अपने बूथ में पहुंचकर मतदान अवश्य करें। इस मौके पर डॉ. हरिचरण, विनोद कटियार, कुलदीप सचान, रामसजीवन गुप्ता, ममता, किरन राठौर सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

अमृत विचार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं खुशनाज उर्फ खूशबू बिना किसी जोर दबाव के अपना धर्म इस्लाम को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार करती हूं। मैं सुखदेव के साथ बतौर पत्नी रह रही हूं। – **खुशनाज उर्फ खुशबू, निवासी– बभनी सिद्धार्थनगर, हालपता– मंगराकोहल बलदेवनगर, बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अलीशा गौतम पुत्री राम जीवन गौतम, निवासिनी– सेक्टर एम–1,–210 एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ,** 226012, मेरी हाईस्कूल की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है । जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं । अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै बिन्दादीन उर्फ बिन्दा प्रसाद पुत्र श्रीकृष्ण, निवासी–ग्राम खेशुआ पाटन, उन्नाव, मेरे डाकघर के किसान विकास पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश बिन्दा प्रसाद पुत्र केशन अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिन्दादीन पुत्र श्रीकृष्ण अंकित है। बिन्दादीन और बिन्दा प्रसाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कमलेश पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम शेखनपुर उर्फ मखदूमपुर परगना तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र बृजेश कुमार मेरे कहने में नहीं है और आए दिन झगड़ा करता है। मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र बृजेश कुमार को बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर रामप्रकाश तिवारी (85) पुत्र राम कुमार तिवारी, निवासी–ग्राम–आदिलपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। ऐसी स्थिति में यदि उनसे कोई लेन–देन, बैनामा, वसीयतनामा, गोदनामा या अन्य लेख के माध्यम से कोई आराजी या संपत्ति क्रय–विक्रय की जाती है तो वह अमान्य व निराधार माना जाये। – **रेनू पत्नी स्वर्गीय बृजकिशोर तिवारी, निवासी– ग्राम आदिलपुर, थाना इनायत नगर, मिल्कीपुर, अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजू पुत्र पप्पू निवासी – गणेशपुर चिनहट लखनऊ** का हूँ। मेरे पिता के पैसों से एक भूखण्ड खसरा सं0 140 स्थित ग्राम गणेशपुर रहमानपुरी चिनहट में क्रय किया गया था जिसमें मेरेव मेरे 2 छोटे भाई–बहन भी साथ रहते है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल वाद सं0 – 1656/2 सिविल जज सी0डि0 में विचाराधीन है। अतः उक्त सम्पत्ति क्रय विक्रय की जाएगी तो नियम विरुद्ध होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जमीन का पुराना बैनामा जिसका मौजा नकहा नं0– 1, आराजी नं0– 368 और खाता नं0– 1699 जो दिनांक 19/12/1997 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3627, पृष्ठ संख्या 200 से 202 तक दस्तावेज क्रमांक 5041 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर गोरखपुर के यहां रजिस्ट्री हुआ था, जो वास्तव में दिनांक 30/04/2024 को कहीं खो गया है। **–बादामी देवी पत्नी रामसरन सिंह, निवासी–ग्राम गोधवल, पोस्ट– पिपरपाती, थाना –श्यामदेउरवा, जिला– महराजगंज**

व्यवस्था | जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा सीट के लिए 20 मई को होना है मतदान

# 315 बसें, 657 छोटे वाहनों का किया गया अधिग्रहण

कार्यालय संवाददाता, उरई



वाहनों की चेकिंग करते परिवहन अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में सकुशल वाहन व्यवस्था के दृष्टिगत पोलिंग पार्टी की रवानगी के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों (उरई-कालपी-माधौगढ़) को मिलाकर कुल-315 बसें लगायी गईं हैं व सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं अन्य के प्रयोग के लिए कुल 657 छोटी वाहन (बोलेरो/जायलो, स्कोर्पिओ, टवेरा, ईको, टीयूवी अर्टिगा, इनोवा) लगायी गईं हैं। जनपद में पंजीकृत समस्त प्राइवेट बसों, स्कूल बसों एवं छोटे वाहनों के अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिस वाहन स्वामी को अभी तक अधिग्रहण

● **समय पर वाहन नहीं देने पर वाहन मालिकों पर होगी कार्रवाई**

आदेश प्राप्त नहीं हुआ है वह तत्काल अपने वाहन का अधिग्रहण आदेश कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जालौन स्थान-उरई से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकता है। वाहन स्वामी अपना वाहन निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर प्रभारी अधिकारी, यातायात को अवश्य प्राप्त कराएं। आदेश का उल्लंघन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-167 के अधीन दंडनीय है। उल्लंघन की दशा में वाहन स्वामी को एक वर्ष का कारावास अथवा अर्थदंड दिया जा सकता है।

## चेकिंग कर तामील करा रहे आदेश

**उरई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन राजेश कुमार पांडेय के निर्देशानुसार राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा चेकिंग के दौरान वाहनों को अधिग्रहण आदेश तामील कराये जा रहे हैं। चूंकि जनपद में बसों की संख्या सीमित है। ऐसी स्थिति में जनपद व अन्य जनपद की बसों/स्लीपर बसों को अधिग्रहित किया गया है। अधिग्रहण आदेश तामील कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है। इससे निर्वाचन को सुचारु रूप से सम्पन्न कराए जाने के लिए पोलिंग पार्टियों एवं अधिकारियों की परिवहन की व्यवस्था दुरुस्त की जा सके। इसी प्रक्रिया के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा मार्ग चेकिंग के दौरान जनपद के विभिन्न स्थलों पर बसों व अन्य वाहनों की चेकिंग कर अधिग्रहण आदेश तामील कराये जाने का कार्य किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जालौन द्वारा कोंच बस स्टैण्ड पर अधिग्रहण आदेश तामील कराते समय वाहन का पंजीयन संख्या मांगा गया, जिसमें वाहन की सीट क्षमता 25 दर्ज थी, जबकि 38 सीटें लगीं मिलीं। वाहन को परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल ने तत्काल कर चोरी व अन्य अभियोगों में कार्रवाई करते हुए चौकी में निरुद्ध किया। साथ ही कुकरगांव के पास एक ऑटोरिक्शा जो 14 स्कूली बच्चों को लेकर जालौन की तरफ जा रहा था, विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्रवाई की गई।

# क्षेत्र की गौशालाओं में लगाएं सीसीटीवी

**माधौगढ़।** खंड विकास अधिकारी रामपुरा ने बुधवार को ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए हैं कि जिन ग्राम पंचायतों में गोशाला है उन ग्राम पंचायत में गोशाला में सीसीटीवी अवश्य लगवाए जाएं। साथ ही मनरेगा से चल रहे पुराने कार्य को शीघ्र पूर्ण कर मास्टर रोल समय से फीड करा लें। गोशाला में विशेष तौर से गोशालाओं में पर्याप्त भूसा की व्यवस्था करने के निर्देश ग्राम पंचायत के सचिवों को दिए। साथ ही गोशालाओं के पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त होना चाहिए। बीडीओ ने सचिवों से कहा सत प्रतिशत मनरेगा से पुराने चल रहे कार्यों में मजदूरों को मजदूरी उपलब्ध करवाई जाए। जिन ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए गए वह आवास अभी तक पूरे नहीं हुए उन्हें जल्द पूरे कराएं।

